वर्ष 24, अंक 247, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 17 मार्च 2026

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पांचों सीटें जीतकर विपक्ष को दिया करारा झटका



**बिहार**

**एनडीए** ने बिहार की सभी पांच राज्यसभा सीटें जीत ली हैं। मतगणना केंद्र से बाहर आ रहे अधिकारियों ने पुष्टि की कि सत्ताधारी गठबंधन के सभी पांच उम्मीदवारों को जीत मिली है। नतीजों को मंजूरी के लिए दिल्ली स्थित चुनाव आयोग को भेज दिया गया है, जिसके बाद आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। मतगणना के विवरण के अनुसार, एनडीए उम्मीदवार शिवेश कुमार ने दूसरी वरीयता के वोटों के आधार पर अंतिम सीट भी जीत ली है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी।

वहीं, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि जहां तक ??हमारे उम्मीदवार की बात है, हमें 37 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के पांचवें उम्मीदवार शिवेश राम को सिर्फ 30 वोट मिले हैं और वोटों की दोबारा गिनती चल रही है। हम चाहते हैं कि गिनती निष्पक्ष हो, किसी दंबाव में नहीं। अगर शिवेश राम को 30 वोट मिलते हैं और हमें 37, तो हम यह चुनाव जीत रहे हैं। अगर सत्ताधारी पार्टी वोटों की दोबारा गिनती करवा रही है, तो इसका मतलब है कि वे हार चुके हैं और जबरदस्ती जीत हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। बेईमानी भाजपा का काम है। वहीं, खबर लिखे जाने तक मतदान की गोपनीयता पर आपत्ति के चलते हरियाणा में मतगणना स्थगित थी। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक अशोक अरोरा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों द्वारा मतदान की गोपनीयता को लेकर उठाई गई आपत्तियों का अभी तक चुनाव आयोग ने समाधान नहीं किया है। इन आपत्तियों के समाधान के बाद ही मतगणना शुरू हो सकती है और चुनाव आयोग ही तय करेगा कि यह प्रक्रिया कब शुरू होगी। कांग्रेस विधायकों द्वारा क्रॉस-वोटिंग की खबरों के संबंध में अरोरा ने स्पष्ट किया कि केवल अधिकृत मतदान एजेंट या स्वयं विधायक ही ऐसी बातों की पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक हमें क्रॉस-वोटिंग की कोई जानकारी नहीं है ।

## पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

### ममता बनर्जी को चुनौती देंगे शुभेंदु अधिकारी



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** चुनाव के लिए बीजेपी ने 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी और दिलीप घोष को टिकट दिया है. बीजेपी ने शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भवानीपुर दो सीटों से चुनावी मैदान में उतारा है. भवानीपुर से सीएम ममता बनर्जी ने पिछली बार चुनाव जीता था.

नंदीग्राम से शुभेंदु ने ममता को हराया था चुनाव

2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी ने सीएम ममता बनर्जी को करीब 2000 वोटों से हराया था. 17 राउंड की गिनती के बाद शुभेंदु अधिकारी की जीत का ऐलान किया गया था. तब ममता बनर्जी ने बीजेपी पर चुनाव के दौरान धांधली करने का आरोप लगाया था. उस हार के बाद ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से उपचुनाव में उतरीं और जीत दर्ज की. अब इसी बीजेपी ने ममता बनर्जी को घेरने के लिए एक बार फिर शुभेंदु अधिकारी को उनकी ही सीट पर उतार दिया है.

दिलीप घोष और अग्निमित्र पॉल को मिला टिकट

बीजेपी ने दिलीप कुमार घोष को बोलपुर विधानसभा से, आसनसोल दक्षिण से अग्निमित्र पॉल, खड़गपुर सदर से दिलीप घोष, पूर्व राज्यसभा सांसद स्वपन दास गुप्ता को राशबेहारी सीट से टिकट दिया है. पार्टी ने डायमंड हार्बर से दीपक कुमार हलदर, आसनसोल उत्तर से कृष्णेंदु मुकर्जी, कालीगंज से बापन घोष, कूचबिहार उत्तर से सुकुमार रॉय, सिलीगुड़ी से शंकर घोष और हासन से निखिल बनर्जी को मैदान में उतारा है.

बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'बीजेपी ने पश्चिम बंगाल के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. हमारे विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम से चुनाव लड़ेंगे, जहां उन्होंने 2021 में ममता बनर्जी को हराया था और भवानीपुर से भी, जहां से ममता बनर्जी वर्तमान में विधायक हैं. यह एक कड़ा मुकाबला होगा.'

बंगाल में दो चरणों में होंगे चुनाव

चुनाव आयोग ने रविवार (15 मार्च 2025) को घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल की 294 सीटों पर विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल 2026 को होंगे।

## एलपीजी की किल्लत के बीच दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**गोदाम में रखे अवैध 610 गैस सिलेंडर बरामद**

**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बाहरी दिल्ली के मुण्डका इलाके में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और काले बाजार से जुड़े एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में गैस सिलेंडर बरामद किए. कार्रवाई के दौरान कुल 610 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए, जिन्हें नियमों के खिलाफ जमा करके रखा गया था.

जांच में सामने आया कि इन सिलेंडरों को अवैध तरीके से जमा कर अधिक कीमत पर बेचने की तैयारी की जा रही थी. पुलिस ने मौके से जरूरी दस्तावेज और अन्य साक्ष्य भी जुटाए हैं. फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है.

पुलिस ने 610 सिलेंडर मौके से किए बरामद

जानकारी के अनुसार, छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया कि गोदाम में अलग-अलग कंपनियों के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर एक साथ रखे हुए थे.

बरामद सिलेंडरों में इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस के सिलेंडर शामिल हैं।

## सीबीएससी का कड़ा फरमान

### कॉपी जांच की जानकारी शेयर की तो खैर नहीं



**नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की जांच से जुड़ी प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं. बोर्ड ने साफ किया है कि मूल्यांकन कार्य से जुड़ी गोपनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी है और इससे जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी सार्वजनिक मंचों पर साझा नहीं की जानी चाहिए. इसी को लेकर उइरए ने मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों के लिए सख्त चेतावनी जारी की है और नियमों का पालन करने पर जोर दिया है. यदि कोई शिक्षक इन निदेशों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है.

मूल्यांकन से जुड़ी जानकारी साझा करने पर रोक

CBSE ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की जांच कर रहे शिक्षक किसी भी तरह की जानकारी सार्वजनिक मंचों पर साझा नहीं करेंगे. बोर्ड के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय होती है और इससे जुड़ी जानकारी बाहर आने से परीक्षा प्रणाली पर असर पड़ सकता है. इसी वजह से बोर्ड ने ि५''४३ङ्ग१२ यानी कॉपी जांचने वाले शिक्षकों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपने काम से जुड़ी किसी भी जानकारी को सार्वजनिक न करें.

CBSE अधिकारियों के अनुसार बोर्ड के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ मूल्यांकनकर्ता कॉपियों की जांच से जुड़े अपने अनुभव और टिप्पणियां सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं।

## ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के खिलाफ की वॉरशिप तैनात करने की मांग, चीन से लेकर जर्मनी-जापान ने दिया ये जवाब

**अमेरिका**

**अमेरिका**-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग को 16 दिन बीत चुके हैं. युद्ध का असर इन देशों के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा है. होर्मुज ऑफ स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही पर भी प्रभावित हुई है, इसे सुरक्षित करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगी देशों से यहां वॉरशिप भेजने की अपील की थी, लेकिन होर्मुज पर ट्रंप की इन उम्मीदों को झटका लगता हुआ नजर आ रहा है. कई देश ऐसा करने से साफ इनकार करते हुए नजर आ रहे हैं.

ब्रिटेन का क्या रुख?

सोमवार सुबह डाउनिंग स्ट्रीट से एक ब्रीफिंग के दौरान, कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन होर्मुज ऑफ स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए सहयोगियों के साथ एक व्यवहार्य योजना पर काम कर रहा है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नाटो मिशन नहीं होगा.

जर्मनी ने किया इनकार

जर्मनी ने भी वॉरशिप भेजने से इनकार कर दिया है।

## लोकसभा में कल पेश होगा प्रस्ताव, 8 निलंबित सांसदों की हो सकती है वापसी



**नई दिल्ली**

**बजट** सत्र के पहले भाग में अनुशासनहीन व्यवहार के आरोप में आठ सांसदों का निलंबन मंगलवार को रद्द होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन रद्द करने पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि सांसदों का निलंबन रद्द करने का प्रस्ताव कल संसद में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय लिया गया है कि सांसद तख्तियों और कृत्रिम रूप से निर्मित तस्वीरों का उपयोग नहीं करेंगे और सदन की मयार्दा बनाए रखेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा तनाव के बारे में विशेष उल्लेख करने पर जोर देने के बाद सदन में हुए हंगामे के बाद नियमों का उल्लंघन करने और कुर्सी पर कागज फेंकने के आरोप में आठ विपक्षी सदस्यों को 4 फरवरी को लोकसभा से बजट सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित कर दिया गया था। ओम बिरला ने रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर बैनर, तख्तियों और पोस्टरों के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि कुछ समय से, सदन के भीतर और संसद भवन परिसर में कुछ माननीय सदस्यों द्वारा हमारी संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा रहा है।

बैनर, प्लेकार्ड और पोस्टर प्रदर्शित करने का तरीका, इस्तेमाल की जा रही भाषा का स्वरूप और सदन तथा परिसर के भीतर प्रदर्शित समग्र आचरण और व्यवहार हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह स्थिति हम सभी के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से गंभीर चिंतन और विश्लेषण की आवश्यकता है।

## नवरात्र से पहले बड़ा ऐलान

### यूपी में अब इन लोगों को भी सरकार देगी घर, सीएम योगी ने दी जानकारी



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 मार्च 2020 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 90,000 लाभार्थियों के बैंक खातों में 900 रुपये करोड़ की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से जारी करने का कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके पास अपना घर हो. उन्होंने बताया कि 2017 से पहले की सरकार केवल अपने और अपने परिवार के बारे में सोचती थी, जबकि उनकी सरकार के लिए 25 करोड़ की आबादी ही परिवार है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मकान पहले गरीबों के लिए बनाए जाएंगे और वंचितों को इसका लाभ मिलेगा. उन्होंने बताया कि योजना में ज्यादातर महिलाएं लाभार्थी हैं और जो पहले वंचित थीं, आज वे अपने घर की मालकिन बन गई हैं. सीएम ने यह भी कहा कि पहले स्ट्रीट वेंडरों के लिए कोई योजना नहीं थी, लेकिन अब पीएम समिद्धि योजना के तहत उनके लिए भी लोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

गरीबों को आवास सुविधा दी जाए- सीएम

कार्यक्रम में उन्होंने माफिया से मुक्त करवाई गई जमीन पर गरीब, पत्रकार, शिक्षक, चिकित्सक और अधिवक्ताओं के मकान बनाए जाने का उल्लेख किया. सीएम ने कहा कि यह संदेश है कि माफियाओं की अवैध संपत्तियों को जब्त कर गरीबों के लिए मकान बनवाए जा रहे हैं. उन्होंने सभी जिलों में इस प्रयास को जारी रखने की बात कही और निर्देश दिए कि जिन जमीनों पर कब्जा अब भी बचा है, उसे मुक्त कराकर हाईराइज बिल्डिंग बनाकर गरीबों को आवास सुविधा दी जाए.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ योजना के अधिकारियों और अन्य उपस्थित लोग भी मौजूद थे. सीएम योगी ने इस अवसर पर कहा कि जब व्यक्ति केवल स्वार्थ में डूबा होता है तो उसकी संवेदना मर जाती है।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना को दी 32.27 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**गुना। केंद्रीय** संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना में ?32.27 करोड़ लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 16.86 करोड़ की लागत से जिला अस्पताल में निर्मित अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट और रेलवे स्टेशन तथा सकटपुर में 15.41 करोड़ की लागत से तैयार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुना के विकास को नई गति देने के लिए स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने गुना की जनता के साथ अपने पारिवारिक संबंध का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता केवल राजनीति का नहीं, बल्कि विश्वास और भावनाओं का है।

## जय सिंह को सामाजिक कार्यों के लिए मिला लाइफ टाइम एक्सिलेंस अवॉर्ड

### लखनऊ के प्रतिष्ठित होटल क्लार्क अवध में हर क्षेत्र के कई विभूतियों को किया गया सम्मानित

- **जय सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य के लिए मिल चुका है कई पुरस्कार और सम्मान**

**अखंड भारत संदेश**

**लखनऊ। समाज** सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री जय सिंह, आईआईएस को लाइफ टाइम एक्सिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लखनऊ स्थित होटल क्लार्क अवध में आरोग्य दर्पण अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान प्रदान किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विजय कुमार, आईपीएस, लखनऊ मंडल के अतिरिक्त कमिश्नर राधेश्याम, आईएएस, विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश कुमार वर्मा, निदेशक, एलपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी,कानपुर, सुषमा सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जय सिंह ने लंबे समय से समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता तथा जनहित से जुड़े अनेक अभियानों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उनके प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने कहा कि जय सिंह का समाज के प्रति समर्पण, सेवा भावना और जनहित के कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

गरीब बच्चों को निःशुल्क पुस्तके, कॉपी, पेन और उनकी फीस अपने पास से जमा कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का सफल प्रयास बहुत ही प्रेरणादायक है। इसी उत्कृष्ट प्रशासनिक और सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हें लाइफ टाइम एक्सिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

सम्मान प्राप्त करते हुए जय सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा करना उनका कर्तव्य है और आगे भी वे इसी प्रकार जनहित के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। जब तक जीवन रहेगा तब तक गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए हमेशा निस्वार्थ मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने इस सम्मान के लिए राम प्रकाश वर्मा, चेयरमैन, आरोग्य दर्पण सहित आयोजकों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने जय सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके प्रयासों की सराहना की।

# गर्मी शुरू होते ही गांवों के हैंडपंप देने लगे धोखा

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** गर्मी के शुरूआती में ही गांवों में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप धोखा देने लगे। क्षेत्र के कई गांवों में लोग पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि गांवों में लगे गिने-चुने हैंडपंप भी मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हैं और केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों को न केवल अपने पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, बल्कि पशुओं को पानी पिलाने को लेकर भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के पियरी ग्राम पंचायत में स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। यहां करीब आधा दर्जन हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके कारण स्थानीय लोगों को पीने के पानी के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। बखार अखिलेश मिश्रा ने बताया कि गांव में दर्जनों इंडिया मार्क हैंडपंप खराब पड़े हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। जिससे लोगों पेयजल के लिए दूर तक जाना पड़ता हैं। वही गांव के ही जय प्रकाश मिश्रा, विजय कृष्ण मिश्रा, आलेश मिश्रा ने ग्राम प्रधान राजकुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दो महीनों से अधिक गांवों की हैंड पंप खराब पड़ी है। लेकिन ग्राम प्रधान के चुप्पी रवैये के कारण पियरी ग्राम पंचायत की विकास कार्य ठप पड़ा हुआ हैं। यदि जल्द ही खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गंभीर हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए, ताकि गांव के लोगों और उनके पशुओं को पेयजल की समस्या से राहत मिल सके।



# पिकअप चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने पहुंचे थाना थरवई

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** बीते एक मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में मामा भांजी की मौत के मामले में आरोपी पिकअप चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने सोमवार को थरवई थाने पहुंचकर मामले को बताते हुए गिरफ्तारी को लेकर थाना प्रभारी से वार्ता की उसी मौके पर परिजनों ने सहायक पुलिस आयुक्त थरवई से मामले को बताया और एसीपी थरवई ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तारी व उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। निवासी वजीरपुर राशि त्रिपाठी पुत्री शशिकांत त्रिपाठी उम्र 18 वर्ष अपने मामा रजत त्रिपाठी के साथ स्कूटी से वजीरपुर से तिवारीपुर अपने ननिहाल जा रही थीं। रास्ते में वजीरपुर के पास पिकअप की टक्कर से दोनों की मौत हो गई थी जबकि चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। वादी विनय कुमार त्रिपाठी ने बताया की राशी त्रिपाठी हमारी भतीजी है। जिसकी लिखित तहरीर स्थानीय थाना थरवई पर दी गई थी पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पिकअप लोडर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। कई दिन बीतने के बाद जब गिरफ्तारी नहीं हुई तो नाराज परिजनों ने थाने पर पहुंचे। इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। परिजनों का आरोप है कि वाहन का नंबर और मालिक की जानकारी भी दी गई है लेकिन तब भी गिरफ्तारी नहीं हुई। इस मौके पर एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने भी जल्द से जल्द उचित कार्यवाही की बात कही।



# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान: रात में लिया जा रहा खून का नमूना, 15 गांवों में सर्वे जारी

**मांडा।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र के गांवों में रात के समय लोगों के खून के नमूने लिए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य फाइलेरिया बीमारी की समय रहते पहचान कर उसके उपचार की व्यवस्था करना है।

सीएचसी अधीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि फाइलेरिया की जांच के लिए खून का सैंपल रात 10 बजे के बाद ही लिया जाता है। इसका कारण यह है कि इस बीमारी के जीवाणु रात के समय अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे जांच में उनकी पहचान करना आसान होता है। इसी वजह से स्वास्थ्य विभाग की टीम रात में ही सर्वे कर लोगों के नमूने एकत्रित कर रही है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के 15 गांवों में अभियान चलाकर चिन्हित परिवारों के लोगों के खून के नमूने लेने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक आठ गांवों में करीब 800 लोगों के सैंपल एकत्रित किए जा चुके हैं। जिन गांवों में सर्वे किया गया है, उनमें चकडीहा और मेहा जागीर प्रमुख रूप से शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के तहत भरारी द्वितीय, बसकड़ी, महेवा कला, सिरावल, बघौरा खवासान, आंधी और सोनबरसा गांवों में भी जल्द ही स्वास्थ्य टीम पहुंचकर लोगों के खून के सैंपल लेगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए चल रहे इस अभियान में सहयोग करें और जांच के लिए आगे आएं, ताकि समय रहते बीमारी की पहचान कर उसका उपचार किया जा सके।

# पूर्व बारा विधायक उदयभान करवरिया की मौजूदगी में कंजासा का होली मिलन बना ऐतिहासिक

- फाल्गुन की रात में उमड़ा जनसैलाब, कलाकारों का अभूतपूर्व जमावड़ा
- महाराज भवन कंजासा बना रंग-संगीत का रणक्षेत्र,रीता बहुगुणा जोशी, पप्पू सिंह छतहरा सहित दिग्गजों की मौजूदगी में देर रात तक गूंजती रही तालियां



**जसरा।** फाल्गुन की मस्त हवा, ढोलक की थाप और अबीर-गुलाल की उड़ती खुशबू के बीच घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजासा गांव में इस बार ऐसा होली मिलन हुआ जिसने पूरे इलाके की धड़कन तेज कर दी। महराज भवन कंजासा में सजी यह संध्या किसी साधारण कार्यक्रम की तरह नहीं, बल्कि रंग, रस और राग का ऐसा महायुद्ध बन गई जिसमें मंच पर कलाकार और मैदान में जनसैलाब आमने-सामने दिखाई दिया। देर रात तक तालियों की गड़गड़ाहट ऐसे गूंजती रही जैसे किसी विजय उत्सव का बिगुल बज रहा हो। कार्यक्रम में पूर्व बारा विधायक उदयभान करवरिया की मौजूदगी ने आयोजन को अलग ही ऊंचाई दे दी। उनके पहुंचते ही पंडाल में बैठी भीड़ खड़ी हो गई और स्वागत की आवाजें दूर तक सुनाई देने लगीं। उनके साथ पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, जसरा ब्लॉक प्रमुख पप्पू सिंह छतहरा, समाजसेवी मुकेश द्विवेदी, सजावल द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, महराज परिवार के सदस्य, पत्रकार गण और क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मंच के सामने डटे रहे और पूरे कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। जैसे-जैसे रात गहराती गई, वैसे-वैसे मंच का रंग और गाढ़ा होता गया। अंतरराष्ट्रीय भजन गायक मित्र बंधु ने ऐसा सुर छेड़ा कि भीड़ एकदम शांत होकर सुनती रही, फिर गायक शानू भानु की आवाज ने माहौल को झकझोर दिया। गायिका मंजिता त्रिवेदी की प्रस्तुति पर तालियों की बारिश होने लगी, और जब राधा-कृष्ण समूह नृत्य शुरू हुआ तो पूरा मैदान ब्रज की होली जैसा दिखाई देने लगा।

इस आयोजन की कमान संभाले समाजसेवी मुकेश द्विवेदी और उनके सहयोगियों ने तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी। सजावट से लेकर मंच व्यवस्था तक हर चीज ऐसी थी कि लोग बार-बार कहते सुनाई दिए कि कंजासा में इस बार का होली मिलन पहले के सभी कार्यक्रमों पर भारी पड़ गया। फाल्गुन की यह रात केवल एक समारोह नहीं रही, बल्कि यह वह मौका बन गई जब गांव, समाज और जनप्रतिनिधि एक ही मंच के सामने खड़े दिखे। रंग, संगीत और भीड़ का ऐसा संगम बहुत कम देखने को मिलता है। कंजासा की यह होली मिलन संध्या अब इलाके में लंबे समय तक चर्चा का विषय बनी रहेगी।

# गिरधरपुर तिराहे पर महिंद्रा थ्री व्हीलर एजेंसी का उद्घाटन



## पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**मांडा।** गिरधरपुर तिराहे पर महिंद्रा थ्री व्हीलर एजेंसी का उद्घाटन किया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह ने सोमवार दोपहर बाद फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। मांडा क्षेत्र के गिरधरपुर तिराहे पर स्थित शोभ नाथ मोटर्स महिंद्रा थ्री व्हीलर एजेंसी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने संचालक शोभ नाथ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराना एक बड़ी सेवा है। उद्घाटन के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की गई। एजेंसी संचालक ने बताया कि महिंद्रा थ्री व्हीलर की इलेक्ट्रिक और कमर्शियल दोनों प्रकार की गाड़ियां यहां उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान सुजीत केशरी, महेश मिश्रा, राकेश कुमार सोनकर उर्फ पप्पू, बिंदबली पाल कोटेदार, राकेश कुमार कुशवाहा आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# गोवंश तस्करी के आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई, छह माह के लिए जिले से निष्कासित

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट में गोवंश से जुड़े गंभीर अपराधों में संलिप्त एक आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। अपर पुलिस आयुक्त न्यायालय ने आरोपी को छह माह के लिए कमिश्नरेट प्रयागराज की सीमाओं से निष्कासित (जिला बदर) करने का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम रसार थाना हंडिया निवासी विकास यादव पुत्र पप्पू यादव पर क्षेत्र में गौवंशी पशुओं को क्रूरता पूर्वक वाहनों में लादकर गोवध के लिए परिवहन करने जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहने का आरोप है। पुलिस अभिलेखों में उसे ऐसे अपराधों का अभ्यस्त आरोपी बताया गया है। अपर पुलिस आयुक्त न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन और प्रतिपक्ष दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। साथ ही वाद पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखीय साक्ष्यों का भी परीक्षण किया गया। सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3(1) के तहत कार्रवाई करते हुए विकास यादव को छह माह की अवधि के लिए कमिश्नरेट प्रयागराज की सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है।

# अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में पलक ने जीता दूसरा गोल्ड पदक

## बेनी माधव सिंह पीजी कॉलेज की छात्रा ने विश्वविद्यालय व क्षेत्र का नाम किया रोशन

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** अंतरिक्ष विद्यालय आर्म रैसलिंग खेल में प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज सम्बद्ध बेनी माधव सिंह पीजी कॉलेज माधव नगर बिगहिया बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा ने अलीगढ़ में चल रहे आर्म रैसलिंग खेल में दाहिने पंजे से मुकाबला हुआ जिसमें पलक ने जीत हासिल की और गोल्ड मेडल पर रहा कब्जा। विजयी खिलाड़ी पलक जो जनपद प्रयागराज के बड़ा बघाड़ा चांदपुर सलोरी की रहने वाली हैं जो दो भाई एक बहन में अकेली है।और यह जीत को हासिल करते हुए यह साबित किया बेटी भी किसी बेटों से कम नहीं। उन्होंने कहा की शिक्षा के साथ खेल में काफी रूचि है। इस जीत की खुशी में बेनी माधव सिंह पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीवी सिंह, सचिव माधुरी सिंह, अध्यक्ष कृपा राम मिश्र, बीपीएड विभागाध्यक्ष डॉ वी डी सिंह, व डॉ बबिता सिंह, राम प्रसाद, परवीन जहां, डॉ करुणेश शुक्ला, राम कैलाश यादव, सुप्रीती मिश्रा, शालू पाण्डेय, सूर्य प्रताप सिंह कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह, सत्य नारायण मिश्र सहित विद्यालय परिवार द्वार सभी ने इस जीत की खुशी बधाईयां देते हुए ऐसे ही आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।

# चकिया घरहरा में अष्टम हिंदू नववर्ष महोत्सव व होली मिलन समारोह के साथ सजा भव्य कवि सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** श्री राज नारायण पांडे पैरामेडिकल कॉलेज बेरुई रामनगर के तत्वावधान में चकिया घरहरा गांव स्थित अष्टम हिंदू नववर्ष महोत्सव, होली मिलन समारोह एवं भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में ब्लॉक प्रमुख अरुणेंद्र यादव ह्यडब्बूह्ल तथा ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रधान संघ के मंडल उपाध्यक्ष क्रांति गुरु गणेश वल्लभ द्विवेदी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने उपस्थित सभी लोगों को होली एवं नव संवत्सर की शुभकामना एवं बधाई प्रेषित की। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत बहराइच से पधारे कवि देशराज मधुसूदन की वाणी वंदना से हुई। चित्रकूट से आए कवि जय अवस्थी ने अपनी ओजपूर्ण पंक्तियों के माध्यम से श्रोताओं को प्रेरित करते हुए कहा ह्लसही वक्त पर शस्त्र उठाना ना सीखे, तो युद्ध के समय नपुंसक हो जाओगे ह्व वहीं कवि प्रदीप महाजन ने मिड डे मील व्यवस्था पर व्यंग्य करते हुए कहा ह्लहमको ही एमडीएम का रखना पड़ता है ख्याल, पठन-पाठन को छोड़कर भंडारी हो गए ह्व जिस पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं।

प्रतापगढ़ से आए कवि हरि बहादुर हर्ष ने भगवान श्रीराम पर आधारित अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा सुप्रिया पांडे (प्रतापगढ़), अनिल अमल (लखीमपुर), बबलू बहियारी (कोरांव), लालजी देहाती, कमलेश पांडे ह्यकमलह्ल, अमिताभ अब्बास, राजकुमार अंजना सहित कई कवियों ने भी अपने काव्य पाठ से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वहीं युवा कवि धनंजय शाश्वत की ओजपूर्ण रचना ने श्रोताओं सहित महफिले समा बांधा। कवि सम्मेलन का संचालन रायबरेली से पधारे राष्ट्रीय कवि नीरज पांडे ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ. देवेंद्र पांडे तथा संरक्षक वीरेंद्र सिंह (पत्रकार) ने सभी अतिथियों, कवियों और उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विमलेश मिश्रा, राजू दहिया, अरुण मिश्रा ह्यपिंटूह्ल, काशीराम दुबे, शाश्वत तिवारी, विनोद गुप्ता ह्यपिंटूह्ल, सियाराम मौर्य, आयुष प्रताप सिंह, विनायक त्रिपाठी, अवनीश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बारा के रिगवां मोड़ पर नियमित लगने वाले जाम से राहगीर परेशान

**बारा।** प्रयागराज -बांदा हाईवे पर बारा थाना क्षेत्र के रिगवां मोड़ पर नियमित लगने वाले जाम से राहगीर परेशान हैं।

हाईवे पर स्थित रिगवां मोड़ से लालापुर की दूरी लगभग बारह किमी है।इस मार्ग से टिकरी कला, अंसवा,गजापुर,परवेजाबाद,धरा आदि गांवों सहित दर्जनों गांवों के लोग नियमित आते जाते हैं।इस मार्ग पर स्थित रिगवां मोड़ पर दर्जनों अप्पे,ई रिक्शा आदि अनियमित ढंग से खड़े रहते हैं। सुबह और शाम को पूरी तरह रास्ता ही बंद कर दिया जाता है।हालत यह हो जाता है कि बाइक सवार तक नहीं निकल पाते हैं। इसके अतिरिक्त मार्ग पर दोनों ओर अनिधिकृत रूप से कब्जा कर कई लोगों ने दुकान भी लगा लिया है। उससे लगे अमृत सरोवर में ही दुकानदारों द्वारा कचरा फेंक दिया जाता है। चारों ओर गंदगी रहती है।इस संबंध में एसएचओ बारा सुभाष यादव ने बताया कि मौके की जांच कराई जाएगी और अतिक्रमण हटवाया जाएगा।



# राजन महाराज की कथा का निमंत्रण पत्र रधईपुर में वितरण

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन 28 मार्च से 5 अप्रैल तक कथा स्थल देवबरा धाम, पिपरी प्रयागराज में आयोजित किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेगें राजन जी महाराज की होने वाली कथा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राजन जी महाराज की यह कथा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। तैयारी का स्तर यह दशार्ता है कि आयोजन को सफल बनाने के लिए देवबरा धाम निवासी कथा के संयोजक राधे मोहन पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रधईपुर महरछा में सुरेश पांडेय के नेतृत्व में कपिल देव तिवारी, साहब तिवारी, दिनेश तिवारी, मुन्ना तिवारी, रोजगार सेवक महरछा आदि को निमंत्रण पत्र दिया गया।



# पीएम सूर्यघर योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश, लापरवाह वेंडरों पर होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत लंबित आवेदनों, सोलर पैनल इंस्टालेशन और बैंक स्तर पर लंबित ऋण प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनका अनुबंध समाप्त किया जाएगा।

प्रभारी पीओ नेडा ने बैठक में जानकारी दी कि 16 मार्च 2026 तक योजना के तहत कुल 27,837 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 13,058 घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, जबकि 14,779 आवेदनों में अभी इंस्टालेशन का कार्य शेष है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग और बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारित किया जाए और अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को सोलर कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने प्रभारी पीओ नेडा को भी निर्देश दिया कि वे विद्युत विभाग, बैंक अधिकारियों और योजना से जुड़े वेंडरों के साथ नियमित बैठक कर लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वेंडर को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप घर-घर सोलर सिस्टम लगाने की दिशा में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना होगा। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले वेंडरों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। बैठक में पीओ नेडा कोमिल द्विवेदी, विद्युत विभाग के अधिकारी, बीडीओ, डीपीओ, बीएसए, एलडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सपाइयों ने सामाजिक चिंतन मंच से विधायक मेजा के खिलाफ निकाली जमकर भड़ास

कहा - विधायक की सामंती विचार धारा से पीडीए के लोग हैं काफी हैरान, सपा नेता रामकिशोर यादव ने कहा विधायक को भगाना है मान्यवर साहब को सच्ची श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



मा.कांशीराम की जयंती समारोह में मेजा विधायक को जमकर फटकार लगाते सपाई नेता

**मेजा।** क्षेत्र के बभनी हेठार के प्रेमा रिजॉर्ट में रविवार को मॉ0 कांशीराम की जयंती समारोह में मंचासीन कई सपा नेताओं ने मान्यवर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया इस दौरान एक वक्ता ने कहा कि मेजा विधायक भगाओ यही मान्यवर कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कुछ अन्य वक्ताओं ने कहा कि मेजा विधायक विकास की नहीं कार्यकताओं को आपस में लड़ाने का एजेंडा चलाते हैं।

उल्लेखनीय है कि सपा द्वारा बभनी हेठार के प्रेमा रिजार्ट में आयोजित मॉ0 कांशीराम जयंती समारोह एवं सामाजिक चिंतन के मंच से सपा नेताओं ने विधायक के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। रामकिशोर सिंह यादव गज्जा तो विधायक की कार्यशैली से वेहद खफा नजर आए।उन्होने माइक पकड़ने के साथ मेजा विधायक को आड़े हांथों लिया। पंडाल में मौजूद पीडीए की भारी भीड़ से कहा कि इस विधायक को क्षेत्र से भगा दीजिए,मान्यवर को यह सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक सामंतवादी सोच का है और पीडीए का लबादा ओढ़कर दलितों, पिछड़ों को ठगने का काम कर रहा है। इसी क्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमशंकर पटेल ने कहा कि जिस मेजा के दलितों, पिछड़ों व अल्प संख्यकों ने तन, मन व धन से इस विधायक को जिताया था वह सब ठगे महसूस कर रहे हैं। मेजा विधायक को अपने क्षेत्र में मान्यवर की जयंती मनानी चाहिए थी लेकिन वह अपने ही लोगों का सामना नही कर पा रहे हैं।उन्होने इस कार्यक्रम को फ्लॉप करने के लिए फोन के जरिए कितने लोगों को रोका था लेकिन पंडाल में उमड़ी भीड़ ने अपने विधायक को करारा जबाब दिया है। अधिवक्ता ओझा यादव ने कहा कि विधायक विकास की बात नही करते बल्कि कार्यकताओं को लड़ाकर सपा में ही खेमेबाजी कर रहे हैं।उनकी कार्यशैली से सपा के गढ़ को बचाना मुश्किल हो जाएगा।इनके अतिरिक्त कई अन्य नेताओं ने विधायक की खुलकर मुखालफत की है।सामाजिक चिंतन का यह मंच विधायक की कार्यशैली और उनकी उपेक्षा का मंच बन कर रह गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे किसान नेता ललन सिंह पटेल ने भी सपा की खेमेबाजी पर चिंता जाहिर की।उन्होने विधायक के मेजा के कार्यक्रम में शामिल नही होने पर अफसोस जताया है।पार्टी नेता राजू चौबे ने कहा कि दलितों के मसीहा और समाज क्रांति के प्रणेता मान्यवर कांशीराम ने सामाजिक समरसता के लिए जो संघर्ष किया,उंसके परिणाम जमीन पर नजर आ रहे हैं। उन्होने उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कोसड़ा प्रधान पारस नाथ यादव और कुशल संचालन अधिवक्ता अवधेश यादव ने किया। कार्यक्रम के आयोजक मण्डल के चर्चित चेहरा क्रय विक्रय समिति सिरसा के पूर्व अध्यक्ष राम सागर यादव मुखिया ने कहा कि मेजा के दलितों, पिछड़ों ने जिस आस से अपने समाज के विधायक को चुना था, उस पर सिर्फ अपने को कोसने के अलावा कोई चारा नही है।उनके साथ पूर्व प्रमुख माण्डा कल्लू यादव, विशाल पटेल सहित कई ऐसे नेता रहे जो क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ खरी खोटी कहने में भी गुरेज नही कर रहे थे। इस मौके पर सपा नेता पंचू लाल निषाद, विजय बाबू यादव, मोतीलाल यादव, प्रदेश सचिव सनउल्लखान, राजकुमार भारतीय, सुरेश यादव, अखिलेश कन्नौजिया, उर्माकान्त बिंद, श्यामकृष्ण यादव, कौसलेस सरोज, राजेश पांडेय, संजय जैसल, नीरज यादव, डॉक्टर यादव, नन्हे लाल पटेल, काशी नरेश यादव, सुरेश यादव, रक्षा मंत्री यादव, अरुण सिंह पटेल, दिलीप विश्वकर्मा, मुकेश पाल सहित भारी भीड़ जमा थी। कार्यक्रम में सोना सुहानी ने अपने गीतों के जरिये अतिथियों का स्वागत किया।

# लूट का अभियुक्त गिरफ्तार, मांडा पुलिस ने दुकान की चाबियां और अवैध पिस्टल बरामद की

अखंड भारत संदेश




**मांडा।** पुलिस ने एक लूट के मामले में वांछित अभियुक्त छैलाबाबु को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लूटी गई दुकान की चाबियां और एक अवैध देशी पिस्टल मय खाली मैगजीन बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त छैलाबाबु पुत्र सुरेश सरोज निवासी बरेज श्रृंगवेरपुर, थाना नवाबगंज, प्रयागराज को 15 मार्च 2026 को मस्तान शाह पहाड़ी, थाना मांडा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने उसके पास से लूटी गई दुकान की चाबियां और एक अवैध देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद की।

यह घटना 24 फरवरी 2026 को थाना मांडा क्षेत्र के चकडीहा पंचायत भवन के पास हुई थी। पीड़ित रंजीत कुमार सोनी पुत्र स्व. पन्नालाल सोनी निवासी वार्ड नं-3, नई बाजार भारतगंज, थाना मांडा, प्रयागराज ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनके भाई प्रदीप कुमार सोनी पर असलहे की बट से हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

इस शिकायत के आधार पर थाना मांडा में मुअसं-41/2026 धारा 309(6)/351(3) बीएनएस के तहत तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीमों ने 3 मार्च 2026 को इस मामले का खुलासा करते हुए लूट में शामिल अभियुक्त अंकित गौतम पुत्र फूलचंद को पीड़ित से लूटी गई रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था।

विवेचना के दौरान अंशू दुबे पुत्र गिरजाशंकर दुबे निवासी कसारी कोड़हार, अतरमपुर, थाना नवाबगंज, प्रयागराज और छैलाबाबु सरोज पुत्र सुरेश सरोज का नाम भी सामने आया था। अभियुक्त अंशू दुबे ने माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था और वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध है। फरार चल रहे अभियुक्त छैलाबाबु सरोज को मांडा पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। और पुलिसिया कार्रवाई कर मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

## फंदे पर लटकती मिली विवाहिता, मायके वालों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

**झूंसी।** कटका बुढ़वा बाबा मुहल्ले में सोमवार शाम एक विवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान नेहा केसरवानी (32) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नेहा ने शाम को परिजनों को चाय-नाश्ता दिया, जिसके बाद परिवार के सदस्य बाजार चले गए। घर में छोटी बेटी के साथ अकेली नेहा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। बेटी के शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। नेहा की शादी 12 वर्ष पूर्व कंचन केसरवानी से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। घटना के बाद नैनी से पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पति पर आर्थिक तंगी और पैसों के लिए प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

# बीएनएस के अध्यक्ष व मंत्री के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात सौंपा ज्ञापन

कहा - शिक्षकों की टीईटी के बारे में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न समस्या का हो समाधान

अखंड भारत संदेश


रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल

**मेजा।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ( बीएनएस ) के शिष्टमंडल ने अध्यक्ष आरके वर्मा एवं महामंत्री आरके निगम के नेतृत्व में देश के रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर प्रदेश के कर्मचारियों शिक्षकों की मांगों व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। रक्षामंत्री से मुख्य रूप से शिक्षकों की टीईटी के बारे में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न समस्या मृतक आश्रित

नियमावली 1974 में किये गये अनावश्यक संशोधन उर्दू बीटीसी 2004-05 बैच सहित अन्य शिक्षकों व मृतक आश्रित शिक्षकों/ शिक्षणेत्तर कर्मियों को जिनकी विज्ञप्ति प्रशिक्षण रिक्तियां नियुक्ति आदि अप्रैल 2005 के पहले हुई थी परंतु नियुक्ति अप्रैल 2005 के बाद हुई,को केंद्र सरकार की भांति ओपीएस का लाभ दिए जाने, संविदा मानदेय आदि के कर्मचारियों के समायोजन/ नियमितीकरण,ओपीएस एवं समाप्त किए गए भत्तों की बहाली, कोविड काल में रोके गए डीए एरियर के भुगतान, केंद्र सरकार की राजाज्ञा दिनांक 04 जूलाई 2024 के अनुसार मकान किराया भत्ता दिये जाने आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिस पर रक्षामंत्री ने शिक्षकों की इन उक्त बिंदुओं पर यूपी के मुख्यमंत्री से बात कर निराकरण कराने का आश्वाशन दिया। साथ ही शिष्टमंडल ने हाल ही में प्रदेश के शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि मामले में उनके द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर शिष्टमंडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं दक्षिणांचल के अंचल प्रभारी प्रभात कुमार, आश्रित कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री ओंकार सिंह, मीडिया प्रभारी अनुराग पांडेय तथा प्रदेश प्रवक्ता अजीत सिंह शामिल रहे।

## दरोगा भर्ती के अभ्यर्थी की संदिग्ध दशा में मौत, गंगा में मिला शव

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकि मंदिर के सामने गंगा में एक युवक का शव मिला। वह अमेठी का रहने वाला था। एक दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने हिस्सा लिया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकि मंदिर के सामने पीपे के पुल के पास रविवार दोपहर अमेठी के पूरेमिश्र का पुरा निवासी आयुष तिवारी (18) का शव पानी में डूबा मिला है। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त शुभम के साथ फाफामऊ गंगा घाट पर नहाने गया था।पैर फिसलने पर वह गहराई में चला गया। गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद आयुष का शव बरामद कर लिया जबकि उसके साथ ही खोजबीन जारी है। आयुक गोविंदपुर में किराए का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने भाग लिया था। पिता ने बेटे की मौत को संदिग्ध जाहिर करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और सोमवार को अंतिम संस्कार के लिए अमेठी चले गए। शिवकुटी पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# केसरवानी वैश्य सभा नैनी का होली मिलन समारोह संपन्न

नारी शक्ति के बिना देश व समाज का विकास संभव नहीं, अभिलाषा गुप्ता नंदी





### एक जुटता से समाज में होती है मजबूती : महापौर गणेश केसरवानी

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मेवालाल की बगिया तिराहे के समीप स्थित ग्रीन गार्डन में केसरवानी वैश्य सभा नैनी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बताया, कि आज के इस दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। आज शिक्षा का बड़ा महत्व है। शिक्षा से ही लोगों के रहन-सहन एवं सच में बदलाव आता है। उन्होंने कहा, कि नारी शक्ति के बिना देश एवं समाज का विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व महापौर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात मंच पर आर्केस्ट्रा कलाकारों के द्वारा गणेश वंदना, स्वागत गीत एवं होली गीत से समां बांध दिया। होली गीत से आर्केस्ट्रा कलाकारों ने जमकर तालिया बटोरी। तमाम तरह के होली गीत से कार्यक्रम में पहुंचे महिलाएं एवं पुरुष झूमकर खुशियां मना रहे थे। कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए मंच पर मंगला प्रसाद केसरवानी (ताऊ), नितिन केसरवानी उर्फ बबलू विधायक, प्रेम केसरवानी, श्यामलाल केसरवानी, राजेश केसरवानी, बाटे केसरवानी, वंश केसरवानी (एडवोकेट) को पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी के द्वारा अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद के साथ होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर पहुंचे महापौर प्रयागराज उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा, कि एकजुटता में समाज में ताकत होती है। इसलिए लोगों को आपसी मतभेद त्याग कर भाईचारे के साथ मिलजुल कर व्यवहार करना चाहिए। संगठन में शक्ति होती है। एकजुट होकर कार्य करने से मुश्किल से मुश्किल काम आसान हो जाता है। इस अवसर पर सहभोज का भी आयोजन किया गया। जहां पर लोगों ने तमाम तरह के व्यंजन खाकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का संचालन नैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी ने की। इस मौके पर पूर्व पार्षद हरी लाल केशरवानी, लखन लाल केसरवानी, गुलाबचंद केसरवानी, रमेश चंद केसरवानी (शंकरढाल), संजय केसरवानी सीमेंट, संतोष केसरवानी, रामकिशन केसरवानी, आदि रहे।

# नैनी में होली मिलन समारोह में कवियों ने जमाया रंग






**नैनी।** नैनी क्षेत्र में राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच व यमुनापार विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से शमां बांध दिया। रविवार को देवरी गांव में आयोजित देर शाम तक चलने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अमरनाथ सिंह ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद राजा भारतीया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में यमुनापार विकास समिति के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ आयोजक रामनाथ त्रिपाठी रसिकेश की सरस्वती वंदना कर में वीणा लिए मातु आ जाइये से हुआ। डॉ सबरेज अहमद की कविता घुल जाए रंग में प्यार तो समझो होली है तथा डॉ राजेंद्र शुक्ल की रचना खुश होकर गले मिलिए रोली लगाइये खूब सराही गई। संचालन कर रहे जगदम्बा शुक्ल की रचना सोने की चिड़िया के पंख न काटो तुम, देशद्रोहियों के तलवे मत चाटो तुम के बाद डॉ अमरनाथ सिंह, बेचनलाल विनोदी व अशफीलाल पटेल ने भी अपनी रचनायें प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को पार्षद राजा भारतीया और गजेंद्र प्रताप सिंह ने संबोधित किया। सभी कवियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भगवती प्रसाद तिवारी, कृष्णकुमार त्रिपाठी, गुरु प्रसाद, अनुराग त्रिपाठी, बैजनाथ शर्मा, अरुण पाण्डेय, बबलू, सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# पंजीकृत पत्रकारों एवं समाचार पत्रों के संपादकों को टोल टैक्स मुक्त तथा बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की मांग

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ महानगर प्रयागराज गंगापार जमुनापार इकाई ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश






**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ महानगर जिला इकाई प्रयागराज, जिला इकाई यमुनापार प्रयागराज, जिला इकाई गंगापार प्रयागराज द्वारा प्रधानमंत्री भारत सरकार, नितिन गडकरी मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सड़क एवं परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित विज्ञापन जिला अधिकारी प्रयागराज के माध्यम से सोमवार को सौंपा गया। जिसमें यह मांग की गई कि भारत में जनहित की पत्रकारिता करने वाले पंजीकृत पत्रकार एवं समाचार पत्रों के संपादक लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। देश-प्रदेश की गतिविधियों, जनसमस्याओं, प्रशासनिक कार्यवाहियों एवं विकास योजनाओं के संकलन व प्रसारण हेतु पत्रकारों को निरंतर राजधानी दिल्ली, राज्य मुख्यालयों एवं जनपद मुख्यालयों की यात्रा करनी पड़ती है।

पत्रकारिता के इस दायित्व निर्वहन के दौरान उन्हें राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गो पर स्थित टोल प्लाजा पर कर (टोल टैक्स) का भुगतान करना पड़ता है तथा बसों व अन्य परिवहन साधनों में यात्रा शुल्क भी देना होता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। विशेष रूप से वे पत्रकार एवं छोटे समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, जिन्हें केंद्र या राज्य सरकारों से विज्ञापन अथवा अन्य आर्थिक सहयोग प्राप्त नहीं होता, उनके लिए यह भार अत्यंत कष्टकारी है। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि जनहित में कार्यरत भारत के समस्त पंजीकृत पत्रकारों एवं समाचार पत्रों के संपादकों को-राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर टोल टैक्स से मुक्त किया जाए, तथा परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क अथवा रियायती यात्रा सुविधा प्रदान की जाए। पत्रकार निर्भीक, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से अपना दायित्व निभा सकें और लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएं। इस जनकल्याणकारी पहल से देश की पत्रकारिता को मजबूती मिलेगी तथा यह निर्णय पत्रकार समाज के लिए ऐतिहासिक सिद्ध होगा। साथ ही पत्रकारों को समाचार संकलन में आ रही कठिनाइयों को पुलिस उपयुक्त गंगानगर एवं पुलिस आयुक्त ट्रैफिक प्रयागराज को भी ज्ञापन सोपा गया और यह मांग की गई थी संबंधित थानों में पत्रकारों को समाचार संकलन में हो रही असुविधा को देखते हुए समय से सम्मानपूर्वक समाचार उपलब्ध कराया जाए। उक्त अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन, महानगर जिला इकाई के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, गंगानगर प्रयागराज के जिला अध्यक्ष श्याम कृष्णा शुक्ला उर्फ पिंटू, यमुनापार जिला इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष ननकेश बाबू, सबसे तेज प्रयागराज के संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ला, मंडल सचिव नीरज खरे, महानगर उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, प्रवीण कुमार दुबे कृष्णा मौर्या, रतन कुमार, कमल राज साहू, कमलेश कुमार, कृष्ण मोहन मिश्रा, कृष्ण कुमार यादव, सूर्य प्रताप सहित लगभग दो दर्जन पत्रकार मौजूद रहे।

# जिले में 8410 शहरी गरीबों के खातों में पहुँची पीएम आवास योजना की पहली किस्त

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहरी गरीबों को पक्के आवास का सपना साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इन्दिरा गांधी लोकभवन लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे रुपए 900 करोड़ की अनुदान राशि का बटन दबाकर अंतरण किया। इसी क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के नगरीय निकायों में चयनित 8410 लाभार्थियों के बैंक खातों में योजना की प्रथम किस्त सफलतापूर्वक हस्तांतरित की गई। यह राशि लाभार्थियों को उनके पक्के आवास के निर्माण की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में किया गया जिसका अवलोकन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला महामंत्री राजेश सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल, परियोजना अधिकारी डूडाध्एसडीएम सीमा भारती, सभासदगणों सहित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।



जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा के 579, नगर पंचायत अन्तू के 218, नगर पंचायत डेरवा बाजार के 72, ढकवा के 22, गड़वारा के 435, हीरागंज बाजार के 1177, कटरा गुलाब सिंह के 1113, कटरा मेंदनीगंज के 190, कोहड़ौर के 31, कुण्डा के 286, लालगंज के 766, मानधाता के 42, मानिकपुर के 551, प्रतापगढ़ सिटी के 163, पृथ्वीगंज के 445, रामगंज के 654, रानीगंज के 827 व सुवंशा नगर पंचायत के 839 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त की धनराशि सीधे खाते में अन्तरित की गयी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों 20 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रथम किस्त की धनराशि का मुख्यमंत्री द्वारा अन्तरित की गयी है, सभी लाभार्थी अपने मकान को अच्छे से बनवाये। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का यह सपना रहा है कि देश का कोई भी गरीब परिवार बिना पक्की छत के न रहे और आज यह सपना तेजी से साकार हो रहा है। इसी प्रकार भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक गरीब व्यक्ति का सपना होता है पक्का घर और उस सपने को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने किया है। परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश में प्रतापगढ़ जनपद दूसरे स्थान पर है, जहां 8410 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है। इस अवसर पर शहर मिशन प्रबन्धक आनन्द प्रकाश मौर्य, सीएलटीसी अविनाश मौर्य सहित डूडा विभाग जितेन्द्र यादव, मनोज यादव व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस व धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वच्छता को लेकर निकाली गयी जन जागरूकता रैली



**प्रतापगढ़।** अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की दोनों इकाईयों द्वारा सामाजिक गतिविधियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। क्षेत्र के खजुरी एवं भेभौरा गांव में लगे शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा साफ सफाई, जन जागरूकता रैली, डिजिटल साक्षरता अभियान, सड़क दुर्घटना से बचाव को लेकर जागरूकता जैसे कार्यक्रमों की ग्रामीणों में सराहना भी हुई देखी गयी। महाविद्यालय के संस्थापक रमेशचन्द्र मिश्र, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा व सीमा मिश्रा द्वारा छात्रों में सामाजिक चेतना व राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत बनाने के लिए शिविर के संचालन को उपयोगी करार दिया। प्राचार्य पूनम त्रिपाठी एवं जिला नोडल अधिकारी डा. फणीन्द्रनारायण मिश्र, प्रबन्धक सुनीता मिश्रा व संरक्षक समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र ने छात्र छात्राओं के द्वारा संचालित गतिविधियों को सामाजिक प्रेरणा करार दिया। इस मौके पर डा. अरविन्द शर्मा, रामकृष्ण शुक्ल, दयाशंकर मिश्र, तीर्थराज शुक्ल, शुभम श्रीवास्तव, दीपक मिश्र, प्रदीप तिवारी आदि रहे।

### महाविद्यालय की छात्राओं ने किया वृक्षारोपण




**कुंडा।** बाबागंज ब्लॉक के अंतर्गत स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरे बुद्धीधर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठें दिन समस्त स्वयंसेवियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार शुक्ल ने सभी स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के कार्यक्रमाधिकारी श्री आलोक त्रिपाठी एवं द्वितीय इकाई के कार्यक्रमधिकारी श्री रविशंकर शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम सफल हुआ। दोनों कार्यक्रमाधिकारियों ने सभी स्वयंसेवियों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि वृक्षारोपण प्रकृति में संतुलन बनाने एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बहुत ही आवश्यक है एवं पेड़-पौधे हमें जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर माँ भद्रकाली धाम के पीठाधीश्वर रामाश्रम स्वामी जी महाराज एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुधीर द्विवेदी, नरेंद्र पाण्डेय, शुभम पाण्डेय, एवं अमित मिश्र आजाद आदि उपस्थित रहे।

## 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण का आरोप, लव जिहाद की शिकायत से मचा हड़कंप

**पट्टी।** थाने के एक गाँव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक मां ने क्षेत्र के ही एक युवक पर अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने मामले को लव जिहाद से जोड़ते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है क सोमवार दोपहर पट्टी नगर निवासी युवक उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। आरोप है कि उक्त युवक काफी समय से किशोरी को परेशान कर रहा था और घर के आसपास मंडराता रहता था। महिला ने आरोपित किया है कि जब वह अपनी बेटी की खोजबीन करते हुए आरोपी के पास पहुंची, तो उसने न केवल बेटी को वापस करने से मना कर दिया, बल्कि जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अभद्रता भी की। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उन्हें और उनके परिवार को गायब करने की धमकी देते हुए चुप रहने को कहा। पीड़ित मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में आशंका जताई है कि आरोपी किसी कट्टरपंथी संगठन से जुड़ा हो सकता है, जिससे उनकी बेटी की जान को खतरा है। मामले में महिला ने किशोरी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। इस सबंध में पट्टी कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। माामले में कार्रवाई की जा रही है।

# कुंठा वाले कुंडा जाकर हृदय को निर्मल करें : दिव्य अग्रवाल

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** सामूहिक विवाह केवल एक विवाह नहीं है अपितु उन समस्याओं का समाधान भी है जिनका सामना आर्थिक रूप से कमजोर हिन्दू परिवार करता है। ऐसे परिवार जिनमे या तो कोई संरक्षक नहीं है या आर्थिक समृद्धता नहीं है उन परिवारों में सबसे बड़ी चुनौती बिटिया का विवाह करना है। जाति- पाति की बात तो बहुत होती हैं पर जब बात गरीब की बिटिया के विवाह की होती है तो सहजाति के लोग भी साथ नहीं देते लेकिन प्रतापगढ़ जिले के कुंडा विधानसभा में एक अनोखा या कहें की अकल्पनीय कार्य देखने को मिलता है। परम पूजनीय देवराहा बाबा के स्मृति और आशीर्वाद से कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने अपने सहयोगियों और पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर 101 दूल्हों की बारात का भव्य स्वागत करके 101 कन्याओं



के विवाह का सफल आयोजन किया। देखा जाए तो जब लोकतंत्र नहीं था तब राज परिवार इस प्रकार के सेवार्थ कार्य निरंतर करते थे जिससे क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में किसी रोगी के उपचार या कन्या विवाह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ता था पर अब इस परम्परा का निर्वहन बहुत ही कम लोग करते हैं, धन और सामर्थ्य की अधिकता होने के पश्चात भी लोग सामाजिक उत्थान के विषय में नहीं सोचते हाँ प्रदेश सरकारें सामूहिक विवाह का आयोजन अवश्य करती रहती हैं पर जनप्रतिनधि व्यक्तिगत तौर पर इस प्रकार के सेवार्थ कार्य करने से नदारद ही रहते हैं। राजा भैया के सेवार्थ कार्य जन जन तक पहुँच रहे हैं जो आज से नहीं बल्कि भदरी परिवार द्वारा दशकों से अनवरत चल रहे हैं। हाँ यह बात जरूर है की विरोधीगण अपनी कुंठित मानसिकता से ग्रसित होकर राज परिवारों पर शाब्दिक हमले करने का प्रयास करते रहते हैं पर सत्यता तो यह है की परिवार का केवल एक व्यक्ति जो अपने परिवार का पोषण करता है वह भी अपने परिवार के लिए राजा होता है तो जब रघुराज प्रताप सिंह अपने क्षेत्र की ही नहीं अपितु अपने संज्ञान में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सहायता हेतु अग्रसर रहते हैं तो लोग उन्हें प्रेम पूर्वक, राजा, सरकार, श्रीमंत, महाराज आदि सम्मानजनक शब्दों से संबोधित करते हैं। दिव्य अग्रवाल ने कहा कि अब जिनके मन में कुंठा है तो उनसे निवेदन है वो कुंडा जाएँ जनता से मिले और उनके स्नेह से अपने मन का उपचार करें।

# गरीबों की सेवा ही सच्ची देशभक्ति : इंद्रधर दुबे

### तरुण चेतना संस्थान ने एक सौ साठ गरीब परिवारों को बांटा राशन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** क्षेत्र के रमईपुर दिशिनी स्थित मुसहर बस्ती में अत्यंत गरीब परिवारों के बीच सोमवार को राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से तरुण चेतना संस्थान द्वारा संचालित प्री-न्यूट्रिशन स्कूल के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न सहायता प्रदान कर उनके जीवन में सहयोग करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम प्रधान रमईपुर दिशिनी एवं पट्टी ब्लॉक संघ के अध्यक्ष इंद्रधर दुबे (छोटे दुबे) ने कहा कि सच्ची देशभक्ति केवल शब्दों से नहीं बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने से मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं को आगे आकर गरीबों की मदद करनी चाहिए ताकि समाज में समानता और सहयोग की भावना मजबूत हो सके। उनके माध्यम से उपस्थित गरीब परिवारों के बीच राशन सामग्री का वितरण किया गया।इसी क्रम में समाजसेवी सत्यम दुबे ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि तरुण चेतना संस्थान और जीव दया फाउंडेशन गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए जो सेवा




कार्य कर रहे हैं, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में आपसी सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग देने की बात कही।प्री-न्यूट्रिशन स्कूल के विषय में जानकारी देते हुए तरुण चेतना संस्थान के सह-निदेशक हकीम अंसारी ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से विभिन्न गरीब बस्तियों में जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेवादा की जोगी बस्ती, ढिढुई की मुसहर बस्ती, कंजा की मुसहर बस्ती सहित चार स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 160 अत्यंत गरीब परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि इन परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और ऐसे प्रयासों से उन्हें कुछ राहत मिलती है। कार्यक्रम का संचालन श्याम शंकर शुक्ला ने किया।इस अवसर पर कमलेश बनवासी, सावित्री देवी, अजय मिश्रा (हवलदार) सहित क्षेत्र के अन्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## रास्ते के विवाद को लेकर बच्चे की पिटाई, किशोरी घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव में रविवार की शाम रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान कुछ लोग पीड़ित के घर में घुस गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार आरोपियों ने उनकी 15 वर्षीय बेटी खुशबू को लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे 10 वर्षीय बेटे सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल खुशबू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले में उपनिरीक्षक सरनाम सिंह ने बताया कि घायल का इलाज सीएचसी में चल रहा है। पीड़ित पक्ष से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# दिनदहाड़े शिक्षिकाओं के साथ छिनैती का हुआ प्रयास, दहशत का माहौल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो थाना क्षेत्रों में शिक्षिकाओं के साथ दिनदहाड़े छिनैती के प्रयास की घटनाओं को लेकर सोमवार को दहशत का माहौल बन गया। पहली घटना लालगंज कोतवाली के गौतमपुर गांव के समीप हुई। राजकीय बालिका इण्टर कालेज में शिक्षिका डा. शालिनी बाला सिंह सुबह साढ़े नौ बजे स्कूल के लिए स्कूटी से जा रही थीं। इसी बीच बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश आये और शिक्षिका के सोने की कान की बाली तथा सोने की चेन छीनने का प्रयास करने लगे। शिक्षिका ने साहसिक ढंग से बाली तथा चेन गेहूं के खेत में फेंक दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने घण्टों खोजबीन के बाद चेन को बरामद कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा भी मौके पर पहुंच



गये। पीड़िता शिक्षिका ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर बदमाशों को जेल भेजा जायेगा। दूसरी घटना सोमवार को ही लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरनपुर खजूर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के अन्दर घटित हुई है। चैकाने वाली घटना में बदमाश सुबह करीब ग्यारह बजे स्कूल के अंदर कक्ष में घुस गये। बदमाशों ने कक्ष में शिक्षिका माया सिंह पर तमंचा सटा दिया। बदमाशों ने शिक्षिका की चेन को छीनने लगे तब उसने शोर मचा दिया। आधी चेन बदमाश लेकर भाग निकले। विद्यालय के अन्दर बदमाशों का दुस्साहस देखकर ग्रामीण भी अचम्भित हो उठे। शिक्षिका ने घटना के बाबत लीलापुर थाने में तहरीर दी है। सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा का कहना है केस दर्ज कर बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक ही दिन में दिनदहाड़े हुई वारदातों से दहशत का माहौल बना देखा गया।

# विकास योजनाओं से लकदक दिखेगा रामपुर खास : प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी पक्की सड़क का समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। लोकनिर्माण विभाग से बनने वाली पचपन लाख लागत की यह सड़क हाईवे से बड़ा राजा का पुरवा तक बनेगी। स्वीकृत पिच रोड की लम्बाई आठ सौ मीटर है। यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुर खास में विकास की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का संचालन तेजी से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़क तथा बिजली व पेयजल एवं सुरक्षा के वातावरण में इस क्षेत्र का विकास औद्योगिक क्षेत्र को भी आकर्षक पैकेज देने की ओर है। उन्होंने लोगों से विकास योजनाओं




को पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराने में सहयोग भी मांगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने सुदृढ़ विकास के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयासों की सराहना भी की। सभा की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन हरि बहादुर सिंह हर्ष ने किया। संयोजक पप्पू तिवारी व प्रधान भूपेन्द्र यादव राजू की अगुवाई में ग्रामीणों द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत भी हुआ दिखा। वहीं लोगों में सड़क सौगात को लेकर प्रसन्नता भी देखी गयी। इस मौके पर पूर्व प्रमुख ददन सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, मो. असलम, हाजी अनवर अली, अनीश देहाती, हरिकेश बहादुर सिंह चैहान, छोटे लाल सरोज, कबीरदास, ओमप्रकाश यादव, भइयाराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर युवक घायल

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मझगवां गांव में सोमवार की देर शाम निमार्णाधीन मकान की छत पर चढ़ते समय एक युवक अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मझगवां गांव निवासी अतुल पांडे (28) पुत्र संजय पांडे सोमवार की शाम करीब 6 बजे किसी काम से अपने निमार्णाधीन मकान की छत पर चढ़ रहे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह अचानक नीचे गिर पड़े। जमीन पर गिरने से उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आ गईं। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने तत्काल घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में भी लोगों की भीड़ लग गई। इस संबंध में सीएचसी पट्टी के डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि युवक के सिर और पैर में गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हालत पर चिकित्सकों की निगरानी रखी जा रही है।

### युवक पर जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में युवक पर जानलेवा हमले को लेकर पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोका गांव में जगदीश प्रसाद द्विवेदी के पुत्र दीपक द्विवेदी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि रविवार को दिन में तीन बजे जमीन के विवाद में आरोपियों द्वारा गाली गलौज करते हुए उस पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित के मुताबिक वह एक चाय की दुकान के पास पहुंचा तब दो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों द्वारा मारपीट की गयी। थानाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी का कहना है तहरीर मिली है जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम व सीओ ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** तहसील मुख्यालय स्थित प्रज्ञा इंडेन गैस सर्विस पर रसोई गैस को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती भीड़ और मिल रही शिकायतों के मद्देनजर प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार को एसडीएम पूर्णेन्दु मिश्र और सीओ मनोज कुमार रघुवंशी ने पूर्ति निरीक्षक नंदलाल पटेल के साथ गैस एजेंसी कार्यालय और गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं तथा गैस वितरण रजिस्टर, बुकिंग रिकॉर्ड और गोदाम में उपलब्ध सिलेंडरों के स्टॉक की जांच की। अधिकारियों ने एजेंसी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग पहले से हो चुकी है, उन्हें ही प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर का वितरण किया जाए। एसडीएम पूर्णेन्दु मिश्र ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में गैस



की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार अब बिना उपभोक्ता के मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी सत्यापन के गैस सिलेंडर का वितरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी सलाह दी कि जिन उपभोक्ताओं के घर में फिलहाल गैस उपलब्ध है, वे जल्दबाजी में बुकिंग न करें। आवश्यकता के अनुसार ही बुकिंग करने से अन्य उपभोक्ताओं को भी समय पर गैस मिल सकेगी और अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा। करीब 20 मिनट तक चले निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एजेंसी प्रबंधक और कर्मचारियों को पारदर्शी वितरण व्यवस्था बनाए रखने तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद प्रशासनिक अधिकारी वापस लौट गए।

# डीएम के निरीक्षण में खुली सरकारी विद्यालय की चौपट व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

**उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आँगनबाड़ी केन्द्र अगियौना का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय,अगियौना एवं आँगनबाड़ी केन्द्र अगियौना का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनुशासन न पाए जाने,विद्यालय परिसर व शौचालय की साफ-सफाई की स्थिति ठीक न पाए जाने, मध्याह्न भोजन में लापरवाही पाए जाने एवं निपुण तालिका अपडेट न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया है कि जांचकर प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाय जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि तत्काल विद्यालय का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें।निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका द्वारा अवगत कराया गया कि सफाई कमी नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिस पर डीएम ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सफाई कमी प्रतिदिन विद्यालय का साफ-सफाई कार्य अवश्य करें। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि एक शिक्षक काफी समय से विद्यालय नहीं आ रहें है, जिस पर डीएम ने बीएसए को शिक्षक के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने खण्ड शिक्षाधिकारी, मंझनपुर से भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## दो पहिया वाहन ने बच्चे को मारी टक्कर हालत गंभीर

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के रकसराई गांव निवासी पारस नाथ अग्रहरी पुत्र हेमन्त कुमार ने सराय अकिल थाना पुलिस को बताया कि दिनांक 13.03.26 को समय लगभग 06 बजे शाम को मेरा पुत्र रुद्राक्ष आयु लगभग 7 वर्ष मेरे घर के बाहर था और प्रयागराज कौशाम्बी राज्य मार्ग पर घर आ रहा था कि पूरब से पश्चिम की ओर एक मोटर साईकिल बुलेट संख्या ४स्त्र73ई1380 का चालक तेज गति से लापरवाही से आया और मेरे पुत्र को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मेरे पुत्र को काफी चोटे आयी और वह बेहोश हो गया नाक और कान से निरन्तर खून बहने लगा उक्त बुलेट वाला चालक भाग गया आनन फानन में जल्द ही पुत्र रुद्राक्ष को अस्पताल में भती कराया गया तथा मौके पर हल्का दरोगा भी आ गए थे बालक को निजी अस्पताल में भती कराया गया जहां संजीवनी अस्पताल द्वारा जवाब देने पर प्रयागराज के लाइफ लाइन अस्पताल मे भती कराया गया है। बालक की हालत ठीक नहीं है।

# डिलीवरी ऑथेंटिकेशन के तहत उपभोक्ता के घर पहुंचाया जाएगा गैस सिलेंडर

## अथर्व इण्डेन गैस सर्विस करारी का डीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने सोमवार को अथर्व इण्डेन गैस सर्विस,करारी का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने गैस एजेन्सी के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का अवलोकन किया तथा उनके द्वारा प्रबन्धक,गैस एजेन्सी से जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि गैस एजेन्सी में गैस सिलेण्डरों का लोड सोमवार सायं तक आने की सम्भावना है जिलाधिकारी ने प्रबन्धक,गैस एजेन्सी को निर्देशित किया कि सभी उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार सिलेण्डर की आपूर्ति डी.ए.सी. डिलेवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाय एवं अनावश्यक गैस एजेन्सी पर भीड़ न लगाई जाय डिलेवरी ऑथेंटिकेशन के तहत उपभोक्ता के घर गैस सिलेंडर पहुंचाया जाएगा जिन उपभोक्ताओं का नम्बर आ गया है,उन्हें दूरभाष पर अवगत भी करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह की कालाबाजारी या अनियमितता मौके पर पाई जाती है,तो जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्यवाही की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

अखंड भारत संदेश



**महेवा घाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा कस्बे के वार्ड नंबर 13 स्थित संत गाडगे नगर में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। जानकारी के अनुसार संत गाडगे नगर निवासी वंदना देवी उम्र 25 वर्ष पत्नी जानकी सरोज की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका अपने पीछे एक साल की मासूम बच्ची छोड़ गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति जानकी सरोज ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह की बात भी सामने आ रही है। बताया गया कि जानकी सरोज की शादी करीब ढाई वर्ष पूर्व कौशांबी थाना क्षेत्र के बकलियन का पूरा गांव में हुई थी। हालांकि अभी तक मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी हरीश तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वंदना देवी की मौत के बाद उसकी एक साल की मासूम बच्ची के सिर से मां का साया उठ गया। घटना के बाद परिवार के लोग बिलख रहे हैं और मोहल्ले में भी शोक का माहौल है।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले युवक को कोखराज पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के फकीर बक्स का पुरवा गांव में 13 मार्च को बालिका कुमारी आंचल उम्र 16 वर्ष ने प्रेमी सुरेन्द्र गौतम पुत्र राम आसरे निवासी बरीपुर के उकसाने पर आत्महत्या कर लिया था युवक से बालिका अथाह प्रेम करती थी दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे लेकिन बालिका से पीछा छुड़ाने के लिए युवक ने बालिका से शर्त लगाई कि यदि तुम मुझसे प्रेम करती हो तो किस हद तक प्रेम कर सकती हो इस शर्त के तहत युवक ने कहा है कि यदि तुम मुझसे प्रेम करती हो तो फांसी लगाकर करके दिखाओ युवक के प्यार में पागल बालिका यह नहीं जानती थी कि फांसी लगाने से उसकी मौत हो जाएगी और युवक के समझाने के बाद बालिका ने फांसी लगा लिया जिससे बालिका की मौत हो गई आत्महत्या के लिए उकसाने वाले वांछित अभियुक्त को कोखराज थाना पुलिस ने दिनांक 16.03.2026 को गिरफ्तार किया है मामले में तहरीर के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 135/26 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 16.03.2026 को थाना कोखराज पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामआसरे निवासी बरीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बीज भंडार में लगी आग, लाखों रुपये का नुकसान

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के एक बीज भंडार में सोमवार भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें देखते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा में चंद्राज केसरवानी पुत्र बुद्धू केसरवानी अपने मकान में ही महाशक्ति बीज भंडार नाम से दुकान खोले हैं बीते शाम दुकान बन्द कर सोने चले गए सोमवार भोर 4 बजे शटर वाली दुकानों से संदिग्ध परिस्थितियों में धुंआ निकलने लगा देखते देखते आग ने विशाल रूप धारण कर लिया दुकानदार के शोर मचाने पर पड़ोसी इक्कठा हो गए लेकिन आग पर काबू नही पा सके इसी दौरान किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी थी ,फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंची और आग में काबू पा लिया गया दुकानदार के अनुसार इस अग्निकांड में 10 हजार नकदी सहित 18 पीस दवा छिड़कने वाली मशीन, बीज और अन्य कृषि सामग्री जलकर राख हो गई। आग से 15 लाख रुपये के नुकसान हुआ है । आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, जिससे घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सूचना मिलने पर डायल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की संभावना जताई जा रही है।

# न्यूज झरोखा

## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के तीसरे दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर निकाली रैली




**कौशांबी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर प्राथमिक विद्यालय पाता मंझनपुर में तीसरे दिन दिनांक 16/3/2026 की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार के नेतृत्व में योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ आज टीम उ सोनाली नगीना संजना नगीना शबनम,अखिलेश आदि के द्वारा स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम हुआ तत्पश्चात टीम इ के द्वारा मंच संचालन का कार्य किया बौद्धिक सत्र का प्रारम्भ माँ सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। डॉ नीलम बाजपेयी असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर व्याख्यान दिया टीम अ रन्नू किरन,अंजली रुक्मिन वंदना अंजली इन्द्रनारायण आशीष हिमांशु,अकबर आदि ने भोजन निर्माण किया बाल कल्याण विभाग से मुख्य अतिथि मिशन कोऑर्डिनेटर पूनम पाल जेंडर स्पेशलिस्ट ऊमा साहू एवं अंजू द्विवेदी द्वारा मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण पर शिविरार्थियों को जागरूक किया सुमंगला बालविवाह सामूहिक विवाह विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी के साथ सरकार की नारी उत्थान संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। तत्पश्चात गांव में शिवराथियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकाली एवं नुक्कड़ नाटक स्नेह अंजली निवेदिता जलसा अंजना शिल्पा वर्षा आदि द्वारा अम्बेडकर नगर वॉर्ड वालो के बीच किया। शिविर में अनुशासन कार्य आदित्य अभिलेख मुस्कान सेजल आँचल स्वाती आदि द्वारा किया गया। संचालन डॉ आनन्द कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ अजय कुमार डॉ संतोष कुमार डॉ रीता दयाल डॉ नीलम बाजपेयी ओमप्रकाश मानवेंद्र अजय आदि उपस्थित रहे।

## जनपद के 759 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त की धनराशि हस्तांतरित



**कौशांबी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि 01 लाख अवमुक्त किया,जिसमें जनपद कौशाम्बी में 759 चयनित लाभार्थियों को भी धनराशि अवमुक्त किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के सभी नगर-निकायों के सभागार में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। नगर पालिका परिषद भरवारी के 318 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त की धनराशि हस्तांतरित की गई। इसी प्रकार नगर पंचायत चरवा के 120 लाभार्थियों,नगर पंचायत दारानगर के एक लाभाथी,नगर पंचायत करारी के 92 लाभार्थियों, नगर पालिका परिषद मंझनपुर के 85 लाभार्थियों एवं नगर पंचायत सराय अकिल के 143 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त की धनराशि हस्तांतरित की गई।

## पावर कट आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे उपकेन्द्र चायल की विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**कौशांबी।** दिनांक 17-03-2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4: बजे तक उपकेन्द्र चायल की विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी।सभी विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया है किं 33/11 केवी उपकेन्द्र चायल तहसील की क्षमता वृद्धि हेतु एक नग 5 एमवीए पावर परिवर्तक स्थापित होना है। जिससे उपकेन्द्र से सम्बन्धित सभी विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत सुबह 10:00 बजे से सायं 4: बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी उपकेन्द्र के अवर अभियन्ता हरेन्द्र राम के द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा कि असुविधा के लिए खेद है। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील किया कि पानी भरने जैसे आवश्यक कार्य समय से पूर्व कर लें।

# जनगणना फील्ड ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण



**कौशांबी।** प्रमुख जनगणना अधिकारी जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी जनगणना प्रशिक्षण उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं अपर जिला जनगणना अधिकारी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रविन्द्र कुमार जायसवाल ने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑडिटोरियम में आयोजित फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।नोडल अधिकारी आकाश सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रथम चरण में प्रथम बैच के 27 फील्ड ट्रेनरों को दिनांक 16, 17 एवं 18 मार्च को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में द्वितीय बैच के 27 फील्ड ट्रेनरों को दिनांक 23, 24 एवं 25 मार्च को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुल 54 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। नोडल अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के उद्देश्य, कानूनी प्राविधानों और मकान सूचीकरण के सैद्धांतिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल का उपयोग व प्रगणकों को डेटा फीड करने के लिए तकनीकी बारीकियों को समझाया जाएगा। फील्ड वर्क का अभ्यास, मॉक एक्सरसाइज और अंत में शंका समाधान किया जायेगा फील्ड ट्रेनर अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में जाकर प्रगणकों और पयर्वेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। जनगणना का कार्य दो चरणों में सम्पादित किया जाएगा। प्रथम चरण 22 मई से 20 जून, 2026 तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एवं द्वितीय चरण 09 फरवरी, 2027 से 28 फरवरी, 2027 तक जनगणना की जाएगी।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा, मास्टर ट्रेनर डॉ देवेश सिंह यादव डॉ संदीप कुमार तिवारी,जनगणना प्रभारी राजकुमार जनगणना लिपिक सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी कमर्चारीगण उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत चायल में भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**कौशांबी।** नगर पंचायत चायल में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत के सभासद राजू के नेतृत्व में शिव दर्शन संदीप कुमार हरी प्रसाद आदि लोगों ने डीएम को प्राथर्ना पत्र देकर नगर पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जाँच कराए जाने की मांग की है नगर पंचायत के सभासदों ने कहा कि विद्युत पोल के हाई मास्क मरकरी को हटाकर विद्युत बल्ब लगा दिया गया है प्रकरण की जांच कराई जाए पेयजल एवं समरसेबल पंप का शासन से निर्माण कराए जाने के लिए प्राप्त धन का दुरुपयोग किया गया है जांच कराई जाए नगर पंचायत में नाला निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है जांच कराई जाए नगर पंचायत के विभिन्न कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सभासदों ने जांच कर दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की है।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मे विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर रैली



**कौशांबी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी के तत्वावधान में सोमवार को विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अंतर्गत जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस को काला मोतिया के प्रति सचेत करना और समय पर जांच के महत्व को समझाना रहा। जागरूकता रैली कार्यक्रम की शुरुआत चिकित्सालय परिसर में एक जागरूकता रैली के साथ हुई। एमबीबीएस छात्रों और स्टाफ ने बैनर और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को दृष्टि के मूक चोर (ग्लूकोमा) के लक्षणों के बारे में जानकारी दी। रैली ने पूरे परिसर का भ्रमण कर मरीजों और उनके तीमारदारों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। रैली के पश्चात कॉलेज के लेक्चर थिएटर-2 में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा0 हरिओम कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि काला मोतिया दृष्टि का मूक चोर है। इसमें आंखों की रोशनी धीरे-धीरे बिना किसी दर्द के चली जाती है, इसलिए 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 मृदुला रंजन ने बताया कि काला मोतिया के लक्षण शुरुआत में महसूस नहीं होते। जब तक व्यक्ति को दृष्टि कम होने का एहसास होता है, तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। कार्यक्रम में आचार्य, डा0 सरस्वती जयसवाल यादव, वरिष्ठ परामशर्दाता,डा0 सुरभि प्रकाश, सह आचार्य, डा0 राकेश कुमार शक्ला, डा0 अरिन्दम् चक्रवती, डा0 रविरंजन सिंह, डा0 शारदा सिंह, डा0 हेमलता द्विवेदी, सहायक आचार्य, डा0 अंकित कुमार तिवारी, डा0 शिवम् बिश्नोई, डा0 संतोष कुमार, डा. आत्मिक सिंह, डा0 संदीप कुमार डा0 पंकज तिवारी, डा. अरूण पाण्डेय एवं सीनियर व जूनियर रेजीडेन्ट तथा एम.बी.बी.एस. प्रथम व द्वितीय बैच के समस्त छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे।

# अंबेडकर मैदान में कब्जे की डीएम से शिकायत के बाद भी खाली नहीं हुई जमीन

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के चौराडीह गांव में अंबेडकर मैदान की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है सरकार के अभिलेखों में दर्ज अंबेडकर मैदान की जमीन की बाजारू कीमत वतर्मान में करोड़ों में है जिससे भू माफियाओं की नजर सरकारी जमीन पर खराब हुई और राजस्व कर्मियों की साठगांठ से अंबेडकर मैदान की जमीन पर कब्जा हो गया अंबेडकर मैदान खाली कराए जाने की मांग को लेकर मामले की शिकायत 26 फरवरी को चौराडीह गांव के तमाम लोगों ने जिलाधिकारी से की थी ग्रामीणों को उम्मीद थी कि डीएम से शिकायत करने के बाद अंबेडकर मैदान की जमीन से दबंगों का कब्जा खाली होगा और अंबेडकर मैदान की जमीन कब्जा मुक्त होगी कब्जा करने वालों को कानूनी दंड मिलेगा लेकिन डीएम से शिकायत के बाद भी राजस्व कमी सुधार नहीं सके हैं और मनमानी पर उतारू है जिससे ग्रामीणों की सोच पर पानी फिर गया डीएम से शिकायत को धीरे-धीरे 18 दिन से अधिक बीत गए हैं अंबेडकर मैदान की जमीन में कब्जे की जांच पड़ताल के नाम पर राजस्व कमी केवल ड्रामेबाजी कर रहे हैं चर्चाओं पर जाए तो अंबेडकर मैदान की जमीन पर कब्जा करने वाले भू माफियाओं से राजस्व कमी धन वसूली तक सीमित रह गए हैं धन वसूली करने वाले राजस्व कमी स्वार्थ के चलते अधिकारियों को भी गुमराह करने से बाज नहीं आ रहे हैं जिससे अंबेडकर मैदान चौराडीह की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे खाली नहीं हो रहे हैं अंबेडकर मैदान की जमीन में कब्जा किए जाने के बाद एक बार पहले भी राजस्व कर्मियों पर बड़े सवाल खड़े हुए और जिला अधिकारी से शिकायत के 18 दिन बाद भी अंबेडकर मैदान की जमीन से अवैध कब्जा ना खाली किए जाने के बाद राजस्व कर्मियों पर दूसरा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले लोगों से राजस्व कमी के क्या रिश्ते है सरकारी जमीन कब्जा करने वाले भू माफिया पर आखिर कार्यवाही करने को राजस्व कमी तैयार क्यों नहीं है इन राजस्व कर्मियों की सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों से क्या रिश्ते हैं यह बड़ी जांच का विषय है और अधिकारियों ने राजस्व कर्मियों के भू माफियाओं से रिश्ते की जांच कराई तो राजस्व कर्मियों के भ्रष्ट चेहरे बेनकाब होंगे।

# पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज गर्ल्स इं. कॉलेज को दोहरी सफलता

अखंड भारत संदेश






**कौशांबी।** प्रयागराज एवं कौशाम्बी के बॉर्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज पूरामुफ्ती में पढ़ रही छात्रा निधि कक्षा 10 वीं ने वर्ष 2025-26 के युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग प्रयागराज के तत्वावधान में ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज की तरफ से विद्यालय को प्रतिनिधित्व करते हुए कक्षा 10 की छात्रा निधि ने 400 मीटर की प्रतियोगिता को एक मिनट समय के साथ रजक पदक अपने नाम करने का काम किया। उसने एक सीमित समय के अंदर 400 मी. प्रतियोगिता को एक मिनट के अंदर लक्ष्य प्राप्त किया। उपरोक्त समाचार विद्यालय को जैसे ही प्राप्त हुआ ठीक उसी समय इससे भी बढ़कर भारत सरकार नई दिल्ली के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राष्ट्रीय राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत द्वारा आयोजित इंस्पायर मानक सर्टिफिकेट ऑफ आवार्ड के अंतर्गत एक दूसरी विशाल गर्व से युक्त विशेष खुशी का समाचार विद्यालय को प्राप्त हुआ। आपको यह बताते हुए संपूर्ण विद्यालय अत्यंत खुश और हर्षोल्लहित है। कि पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज के कक्षा 10 वीं के छात्र जय सिंह को विद्यालय द्वारा मानक अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत बनवाया गया प्रोजेक्ट इंस्पायर आवार्ड के लिए भारत सरकार द्वारा चयनित एवं 10,000/- रुपए का इनाम भी प्रदान किया गया है। छात्र जय सिंह का प्रोजेक्ट चार्जिंग शूज जिसके द्वारा कोई भी व्यक्ति अपने वॉकिंग टाइम पर भी अपने फोन को आसानी से चार्ज कर सकते हैं। के लिए प्रभावी वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया। यह उपलब्धि पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के प्रबंधन के मेहनत व्यवस्था एवं सोच तथा भविष्य की ओर सोच को प्रदर्शित करती है। साथ में छात्र जय सिंह की मेहनत और प्रतिभा को भी दर्शाती है पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के प्रबंधक तथा विज्ञान के शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का भी परिणाम है। तथा विद्यालय के प्रबंधक तथा विज्ञान के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने छात्र छात्राओं को नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला ने उपरोक्त छात्र जय सिंह एवं छात्रा निधि को संयुक्त रूप से उक्त जीत के लिए अन्य बधाइयां एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की डॉ. शुक्ला जी ने यह भी बताया कि पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज ही एक ऐसा विद्यालय है। जहां पर भारत सरकार द्वारा विद्यालय को ए.टी.एल. लैब अटल टिंकरिंग लैब प्रदान की गई है। यह क्षेत्र का इकलौता विद्यालय है। जहां उक्त सुविधा मौजूद हैं। विद्यालय में सैकड़ो के तादाद में पढ़ रहे सैकड़ो छात्र छात्राएं अटल टिंकरिंग लैब में तमाम नए टेक्निकल एवं वैज्ञानिक विषयों पर शोध कर आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं।उपरोक्त समाचार जैसे विद्यालय के प्रबंधन तंत्र तथा विद्यालय परिवार को ज्ञात हुए विद्यालय में एक विशेष खुशी की लहर दौड़ गई तथा बधाइयों का एक के बाद एक ताता लग गया। हम सब लोग विद्यालय परिवार की ओर से दोनों छात्र छात्रा को विद्यालय भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करते हैं। उपरोक्त दोनों छात्र छात्रा को विद्यालय में बुलाकर समस्त स्कूल के विद्यार्थियों के समक्ष विद्यालय के प्रबंधक डॉ. शुक्ला द्वारा माल्यार्पण किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एसपी कार्यालय में ऑपरेशन दहन के संबंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित

**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा ऑपरेशन दहन के संबंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व कमर्चारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर जनपद में एनडीपीएस से संबंधित माल के समयबद्ध निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु व अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने और निर्धारित कार्य योजना के अनुसार कार्यवाही करने पर बल दिया गया । समीक्षा गोष्ठी के दौरान जनपद के समस्त थानों के विभिन्न कमर्चारी एवं अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पूरा हुआ अविश्वास प्रस्ताव का मकसद

11 मार्च को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए लाया गया विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिर गया, गिरना ही था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। विपक्ष भी इस बात को जानता था कि यह प्रस्ताव सफल नहीं होगा। लेकिन जिस उद्देश्य से विपक्ष ने इस प्रस्ताव को पेश किया, उसमें काफी हद तक उसे सफलता मिल गई है। लोकसभा में अध्यक्ष की आसंदी दलगत राजनीति से ऊपर होती है और उसकी निगाह में पक्ष-विपक्ष का महत्व एक समान होता है। यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि लोकसभा की कार्रवाई में पक्षपात न रहे। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों को जनता ही चुनकर भेजती है, इसलिए दोनों की आवाज को बराबरी से स्थान मिले, यह जरूरी है। अगर विपक्ष की आवाज को दबाया जाए और बहुमत के कारण सारे फैसले सत्ता पक्ष के हक में लिए जाएं, तो यह केवल विपक्षी सांसदों के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि उनके क्षेत्र के करोड़ों मतदाताओं के साथ नाइंसाफी है। अगर जनता के साथ नाइंसाफी होती है, तो फिर लोकतंत्र ही अपना अर्थ खो देता है। इस अर्थ को बचाने के लिए बजट सत्र के पहले चरण में विपक्ष ने ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। विपक्ष के लिए शायद यही आखिरी रास्ता भी बचा था कि किसी तरह अपनी बात को आधिकारिक तौर पर दर्ज करा सके। ध्यान रहे कि संसद सत्र के पहले चरण में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने ही नहीं दिया गया। पहले जनरल मनोज नरवणे की किताब के जिक्र पर उन्हें बोलने से रोका गया और नेता प्रतिपक्ष के भाषण के बिना ही राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इसके बाद एपस्टीन फाइल्स के जिक्र पर फिर से राहुल गांधी की बात को दबाया गया। उनके साथ-साथ कई और सांसदों को बोलने से रोका गया। इन सब में बार-बार निगाहें ओम बिड़ला की तरफ ही जाती थीं कि वे नीर-क्षीर विवेक से निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने भी संसदीय नियमों का हवाला देते हुए बार-बार विपक्ष को ही टोका। हद तो तब हो गई जब लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष की महिला सांसदों पर आरोप लगाया कि वे प्रधानमंत्री की कुर्सी के सामने आ गई थीं और इससे प्रधानमंत्री को खतरा था, लिहाजा उन्होंने नरेन्द्र मोदी को सदन में आने से मना कर दिया। संसदीय इतिहास में कई बार अमर्यादित आचरण हुए हैं, जिनसे संसद शर्मसार हुई है। लेकिन प्रधानमंत्री को तीन-चार महिला सांसदों से सदन के भीतर खतरा उत्पन्न हुआ, ऐसा वाकया कभी नहीं हुआ। इस बार भी ऐसा कुछ नहीं हुआ, लेकिन जनता का भटकाने अथवा मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए शायद इसे बहाना बनाया गया। जब ऐसी बहानेबाजी बढ़ने लगी और विपक्ष के साथ टोका-टाकी कर केवल सत्ता पक्ष की मनमानी होने दी गई, तो फिर अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा विपक्ष के पास कोई चारा ही नहीं बचा। हालांकि इस प्रस्ताव पर मंगलवार से जो चर्चा हुई, उसमें फिर से राहुल गांधी, इंदिरा गांधी, पं.नेहरू पर आरोपों की झड़ी लगाई गई, तो सवाल उठा कि आखिर अविश्वास प्रस्ताव गांधी-नेहरू परिवार के खिलाफ था या ओम बिड़ला के खिलाफ।

# इच्छा मृत्यु केवल कानून ही नहीं, मानवीय गरिमा का प्रश्न

-: ललित गर्ग:-

**भारतीय** समाज में यह गहरी धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की सेवा तब तक की जाए, जब तक उसके प्राण स्वाभाविक रूप से समाप्त न हो जाएं। जीवन की रक्षा और उसकी देखभाल को एक नैतिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता रहा है। यही कारण है कि भारतीय परिवारों में रोगी की सेवा केवल चिकित्सा का विषय नहीं होती, बल्कि भावनात्मक, धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से भी जुड़ी होती है। कई बार यह भी देखा गया है कि प्रियजन की मृत्यु के बाद भी उसे लंबे समय तक जीवन लौटने की आशा में संभालकर रखा जाता रहा है। लेकिन जब कोई व्यक्ति ऐसी स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौटने की कोई संभावना न हो और उसका अस्तित्व केवल कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर रह जाए, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या केवल जैविक अस्तित्व को बनाए रखना ही जीवन की रक्षा है? या फिर जीवन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए व्यक्ति को पीड़ा से मुक्ति देने का अधिकार भी स्वीकार किया जाना चाहिए?

इसी जटिल और संवेदनशील प्रश्न के केंद्र में 11 मार्च 2026 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया वह निर्णय है, जिसमें गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी गई। लगभग तेरह वर्षों से कोमा में जीवन बिताने वाले इस युवक के मामले में अदालत का यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश भर नहीं है, बल्कि जीवन, मृत्यु और मानवीय गरिमा के बीच संतुलन खोजने का एक गंभीर एवं संवेदनशील प्रयास भी है। दरअसल, हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए बाध्य करता है कि इच्छामृत्यु का प्रश्न केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि एक गहरी मानवीय कहानी भी है। यह एक ऐसे युवा की कहानी है, जिसका जीवन एक दुर्घटना के बाद अचानक बदल गया और जो तेरह वर्षों तक एक मौन जीवन-मृत्यु संघर्ष में जीता रहा। उस संघर्ष में शब्द नहीं थे, संवाद नहीं था, केवल एक स्थिर और असहाय जैविक अस्तित्व था। ऐसे में परिवार, चिकित्सकों और समाज के सामने यह कठिन दुविधा खड़ी हो जाती है कि जीवन को किस सीमा तक कृत्रिम रूप से बनाए रखा जाए।

इस निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 है, जो प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। समय के साथ न्यायपालिका ने इस अनुच्छेद की व्याख्या को व्यापक बनाते हुए यह स्पष्ट किया कि जीवन का अधिकार केवल सांस लेने या जीवित रहने का अधिकार नहीं है, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार भी है। इसी संवैधानिक दृष्टिकोण ने आगे चलकर यह प्रश्न उठाया कि यदि व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार है, तो क्या उसे गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार भी नहीं होना चाहिए? भारत में इच्छामृत्यु से जुड़ा न्यायिक विमर्श धीरे-धीरे विकसित हुआ है। वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। यह मामला एक ऐसी नर्स का था, जो दशकों तक कोमा की स्थिति में रही। उस निर्णय ने इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। इसके बाद वर्ष 2018 में कॉमन कॉज बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक फैसले में अदालत ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को संवैधानिक मान्यता देते हुए ह्यलिविंग विलह्ल की अवधारणा को स्वीकार किया। इसके अनुसार कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में ही यह लिखित रूप में व्यक्त कर सकता है कि यदि वह असाध्य स्थिति में पहुंच जाए तो उसे कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर न रखा जाए।



हरीश राणा के मामले में चिकित्सा विशेषज्ञों के बोर्ड ने यह स्पष्ट किया कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य शेष नहीं रह गया था। चिकित्सा केवल जैविक अस्तित्व को लंबा खींचने का माध्यम बन गई थी। ऐसे में अदालत की स्वीकृति इस कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा केवल जीने में ही नहीं, बल्कि मृत्यु में भी बनी रहनी चाहिए। फिर भी इच्छामृत्यु का प्रश्न अत्यंत जटिल और विवादास्पद रहा है। दुनिया के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर नैतिक और कानूनी बहस चलती रही है। कई देशों ने इसे सीमित परिस्थितियों में कानूनी मान्यता दी है, जबकि कई अन्य देशों में इसके दुरुपयोग की आशंका के कारण इसे स्वीकार नहीं किया गया है। भारत में भी यह विषय संवेदनशील बना हुआ है, क्योंकि यहां पारिवारिक संबंधों, धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक भावनाओं की भूमिका अत्यंत गहरी है।

इसी संदर्भ में जैन धर्म में प्रचलित संथारा या सल्लेखना की परंपरा भी कई बार चर्चा में आती रही है। जैन दर्शन में इसे मृत्यु का महोत्सव कहा गया है। संथारा का अर्थ है-जीवन के अंतिम चरण में धीरे-धीरे आहार और शरीर की आसक्तियों का त्याग करते हुए शांति एवं समाधिपूर्वक मृत्यु को स्वीकार करना। जैन आचार विचार में इसे आत्मसंयम और आध्यात्मिक साधना का सर्वोच्च रूप माना गया है। संथारा और आधुनिक इच्छामृत्यु के बीच अंतर भी है और समानताएं भी। संथारा का आधार आध्यात्मिक साधना और वैराग्य है, जबकि आधुनिक इच्छामृत्यु का आधार चिकित्सा विज्ञान और मानवीय पीड़ा से मुक्ति का विचार है। फिर भी दोनों के केंद्र में एक समान भाव दिखाई देता है-जीवन की अंतिम अवस्था में गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान। हालांकि इस परंपरा को लेकर भी न्यायालयों में बहस होती रही है कि क्या इसे धार्मिक स्वतंत्रता माना जाए या आत्महत्या के रूप में देखा जाए। इस बहस ने यह स्पष्ट किया है कि जीवन और मृत्यु से जुड़े प्रश्न केवल कानूनी तर्कों से हल नहीं होते, बल्कि उनमें नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयाम भी शामिल होते हैं। प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक विनोबा भावे ने इस परंपरा की विशेष सराहना की थी। उन्होंने कई अवसरों पर यह इच्छा भी व्यक्त की थी कि यदि संभव हो तो वे भी जीवन के अंतिम क्षणों में इसी प्रकार की शांत, संयमित और जागरूक मृत्यु प्राप्त करना चाहेंगे।

इसीलिए हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि संविधान की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवेदनशील व्याख्या में निहित है। जब न्यायपालिका जीवन के अधिकार की व्याख्या करते हुए मानवीय गरिमा और करुणा को केंद्र में रखती है, तब वह केवल कानून का पालन नहीं करती, बल्कि समाज को अधिक संवेदनशील और मानवीय दिशा भी प्रदान करती है। यह भी सच है कि भारत में इच्छामृत्यु को लेकर अभी तक कोई समग्र और स्पष्ट कानून नहीं है। न्यायालय के दिशा-निदेर्शों के बावजूद परिवारों और चिकित्सकों को कई बार जटिल प्रक्रियाओं और कानूनी आशंकाओं का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं इस विषय पर एक व्यापक कानूनी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया है। ऐसा कानून बनाते समय दो महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना होगा। पहली, यह कि असाध्य रोगियों को अनावश्यक पीड़ा से मुक्ति मिल सके। दूसरी, यह कि किसी प्रकार के दबाव, स्वार्थ या आर्थिक कारणों से किसी व्यक्ति को इच्छामृत्यु के लिए विवश न किया जा सके। स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्त इच्छा का सम्मान इस प्रक्रिया के आवश्यक तत्व होने चाहिए।

निश्चिततौर पर यह कहा जा सकता है कि हरीश राणा के मामले में दिया गया निर्णय केवल एक न्यायिक आदेश नहीं है, बल्कि संवैधानिक करुणा का एक उदाहरण है। इसमें न्याय, संवेदना और मानवीय गरिमा तीनों का संतुलित रूप दिखाई देता है। वास्तव में यह निर्णय हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि जीवन का सम्मान केवल उसे लंबा खींचने में नहीं, बल्कि उसकी गरिमा को बनाए रखने में है।

जब उपचार असंभव हो जाए और चिकित्सा केवल पीड़ा को बढ़ाने का माध्यम बन जाए, तब गरिमापूर्ण विदाई भी मानवीयता का ही विस्तार बन जाती है। इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि भारत में इच्छामृत्यु के प्रश्न पर व्यापक सामाजिक संवाद हो और एक ऐसा संवेदनशील तथा संतुलित कानूनी ढांचा तैयार किया जाए, जो व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने और गरिमा के साथ मरनेकृदोनों का अधिकार सुनिश्चित कर सके।

# अमेरिका-इजरायल के 'खतरनाक' संपर्कों से भारत सावधान रहें

जगदीश रत्तनानी

**आखिर** यह कैसे हुआ कि भारत अपने समृद्ध इतिहास के साथ स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से अधिकांश भाग के लिए साम्राज्यवादी ताकतों के खिलाफ एक स्पष्ट रुख और दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता के साथ संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए सम्मान रखने वाला देश, साम्राज्यवाद के इस राक्षस के जाल में उलझ गया जो दुनिया भर में कहर फैला रहा है? इस बात पर विचार करें दुनिया के कई हिस्सों में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बहुत ही तिरस्कृत व्यक्ति हैं जिनके खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। अक्टूबर, 2023 में इजराइल पर हमास के हमले के जवाब में युद्ध में उतरने के बाद से इजरायल ने गाजा में 72 हजार से अधिक लोगों को मार डाला है, जिनमें से करीब आधी महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हैं। इजरायल ने पिछले 28 महीनों से औसतन हर 52 मिनट में एक बच्चे की जान ली है। विश्व स्तर पर मरने वालों की संख्या और 1.7 लाख से अधिक घायलों की संख्या को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। इन हत्याओं के अपराधी इजरायल ने भी इस बात को मंजूर किया है। नेतन्याहू की पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एहुद ओल्मर्ट के शब्दों में 'जानबूझकर, बुरे, दुर्भावनापूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना तरीके से निर्देशित नागरिकों की अंधाधुंध, असीमित, क्रूर और आपराधिक हत्या' ने इजरायल को विश्व में एक अछूत राज्य में बदल दिया है। इसी तरह का खेल अब ईरान में खेला जा रहा है जिसने इजरायल-अमेरिकी संयुक्त युद्ध आक्रमण के साथ ईरान को हत्या के मैदान में बदल दिया गया है। इस युद्ध में ईरानी नेता अली खामेनेई को पहले ही मार डाला गया है। अब वहां और अधिक मौतें तथा विनाश हो रहा है। यह ध्यान देने वाली बात है कि युद्ध को अमेरिका में व्यापक समर्थन प्राप्त नहीं है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आने वाले समय में इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकानी होगी। लोगों का अनुमान है कि घरेलू स्तर पर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने वाले युद्धोन्मादी नेतन्याहू को आखिरकार एक अहंकारी ट्रम्प की भूमिका निभाने का मौका मिला है जो (ट्रम्प) नव साम्राज्यवादियों की पकड़ और एपस्टीन फाइलों में फंसा है और जिसके बेनकाब होने की प्रतीक्षा की जा रही है।



आखिर यह कैसे हुआ कि भारत अपने समृद्ध इतिहास के साथ स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से अधिकांश भाग के लिए साम्राज्यवादी ताकतों के खिलाफ एक स्पष्ट रुख और दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता के साथ संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए सम्मान रखने वाला देश, साम्राज्यवाद के इस राक्षस के जाल में उलझ गया जो दुनिया भर में कहर फैला रहा है? इस बात पर विचार करें कि भारत और देश की 'रणनीतिक स्वायत्तता' की स्थिति के लिए एक दुखद तस्वीर पेश करने के लिए घटनाएं कितनी जल्दी घटित हुई हैं- कम अमेरिकी टैरिफ के बदले में भारत के लिए कई कठिन शर्तों वाले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गलत समय पर इजरायल यात्रा और जिस ईरान के साथ भारत के असाधारण रूप से अच्छे संबंध रहे हैं उस ईरान पर इजरायल द्वारा हमला करने से ठीक दो दिन पहले नेसेट में मोदी का भाषण; नेतन्याहू ने ईरान पर हमले के बाद मोदी के साथ फोन पर बातचीत का हवाला देते हुए दावा कि भारत इजरायल के साथ खड़ा है, हालांकि भारत ने रिकॉर्ड पर ऐसा कोई बयान नहीं दिया (और वास्तव में 'शत्रुता को जल्द समाप्त करने की आवश्यकता' को दोहराया है); युद्ध के कारण आपूर्ति में व्यवधान के मद्देनजर अमेरिका द्वारा भारत को एक महीने के लिए रूसी कच्चे तेल के आयात की अनुमति देने की छूट, अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा भारत को 'गुड एक्टर' कह कर की गई टिप्पणी में निहित अच्छे आचरण का प्रमाणपत्र, नौसेना बेड़े की प्रेसिडेंशियल रिव्यू के लिए भारत का मेहमान और युद्ध मोड में न रहने वाले ईरानी नौसैनिक जहाज का हिंद महासागर में डूबना। इन सभी घटनाओं को व्यक्तिगत रूप से और निश्चित रूप से एक साथ लिया जाता है तो एक ऐसे भारत की तस्वीर पेश होती है जो असहाय है, जो दुनिया के गुंडों की गोद में बैठ गया है, जो एक गौरवशाली राष्ट्र के रूप में खड़े होने में असमर्थ या अनिच्छुक है तथा जिसकी अपनी स्वतंत्र सोच या आवाज नहीं है। हालांकि इजरायल में मोदी की उपस्थिति ने नेतन्याहू को मजबूती दी है लेकिन इसके बदले में भारत को रक्षा या व्यापार सौदों के अलावा कुछ नहीं मिला जिनका मूल्य संदिग्ध है। यह देखते हुए कि ये सौदे भारत को इजरायल के शिकंजे में और गहराई से धकेल देंगे जो आगामी सौदों और संबंधों में भारत की पसंद की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा सकता है।

# असम में चुनाव से ठीक पहले हिमंत के राजनीतिक आख्यान को झटका

डॉ. ज्ञान पाठक

**इसके** बड़े राजनीतिक नतीजे हुए, न सिर्फ. एआईयूडीएफ के अंदर, बल्कि एनडीए और उनके जनाधार के अंदर भी। इनमें से दो विधायकों को एआईयूडीएफ ने एनडीए समर्थित उम्मीदवार को समर्थन देने के कारण निलंबित कर दिया। विपक्षी कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने सत्तारूढ़ भाजपा पर एक ऐसी पार्टी से मदद लेने का आरोप लगाया जिसकी उसने पहले बुराई की थी। यह एक राजनीतिक विवाद बन गया असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का राजनीतिक आख्यान अब से कुछ ही हफ्तों में अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कमजोर हो गया है, जिसे उन्होंने बारपेटा में मौजूद फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल से पूर्व राष्ट्रपति का नाम हटाकर वापस लाने की कोशिश की है। मुख्य रूप से भाषाई, जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ असमिया पहचान का उनका लंबे समय से चला आ रहा राजनीतिक आख्यान को हाल ही में तब गंभीर झटका लगा था, जब उन्होंने 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार के लिए एआईयूडीएफ के तीन मुस्लिम विधायकों का समर्थन हासिल कर लिया था। जब लोगों ने एआईयूडीएफ विधायकों से समर्थन



मिलने पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के असली रंग की ओर इशारा करते हुए बातें करनी शुरू की, तो उन्हें अपने पहले के आख्यान के कमजोर होने की चिंता होने लगी। वह अपनी पुरानी कहानी को फिर से शुरू करना चाहते थे और उन्होंने फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का नाम बदलकर बारपेटा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल कर दिया, सिर्फ यह दिखाने के लिए कि वह अभी भी अपनी पुरानी कहानी पर काम रहेंगे, हालांकि उन्होंने एआईयूडीएफ के तीन विधायकों का समर्थन लिया है। फिर भी, राजनीतिक नुकसान तो पहले ही हो चुका है। कई दूसरे कारणों से भी हिमंत बिस्वा सरमा अब उतने मजबूत राजनीतिज्ञ नहीं हैं जितने वह 2021 में थे, जब वह राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। 2026 का विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में पहला होगा, जिसकी परीक्षा होनी है। इस बीच, 2023 में असम के चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन हुआ। 2024 का लोकसभा चुनाव उनके नेतृत्व में हुआ, जिसमें भाजपा ने 14 में से 9 सीटें जीती थीं, और 126 में से 75 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। उनके राजनीतिक आख्यान के कमजोर होने को तब झटका लगा जब उनकी सरकार समर्थित राज्यसभा चुनाव के उम्मीदवार को बदरुद्दीन अजमल की नेतृत्व में मुस्लिम-जनाधार वाली पार्टी ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के विधायकों-करीम उद्दीनबरभुइया, जाकिर हुसैन लस्कर, और निजामुद्दीन चौधरी ने समर्थन देते हुए उनके नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके बड़े राजनीतिक नतीजे हुए, न सिर्फ. एआईयूडीएफ के अंदर, बल्कि एनडीए और उनके जनाधार के अंदर भी।

# प्रांतीय खंड में नियमों के विपरीत चल रहा विभागीय स्टोर, शासनादेश के बाद भी जारी सीधी

**सुलतानपुर**

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड में वित्त विभाग के स्पष्ट शासनादेश के बावजूद विभागीय स्टोर के संचालन और सामग्री की सीधी खरीद का मामला सामने आया है। आरोप है कि नियमों के विपरीत बिटुमेन और इमल्शन जैसी निर्माण सामग्री की खरीद कर उसे ठेकेदारों को उपलब्ध कराया जा रहा है।वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2022 में जारी शासनादेश के अनुसार बिटुमेन या इमल्शन जैसी सामग्री की सीधी बुकिंग के माध्यम से खरीद पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद प्रांतीय खंड में विभागीय स्तर पर खरीद की प्रक्रिया धड़ल्ले से जारी बताई जा रही है।मामले में अधिशासी अभियंता का तर्क है कि सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से विभाग स्वयं सामग्री खरीद कर उसका स्टॉक रखता है और आवश्यकता के अनुसार ठेकेदारों को उपलब्ध कराता है।

हालांकि विभागीय अभिलेखों में ऐसी किसी भी स्टॉक रिजर्व लिमिट की स्वीकृति का उल्लेख नहीं मिलता, जिससे इस प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।बताया जा रहा है ।

# ब्राह्मण,पंडित समाज के अपमान के विरोध पर कांग्रेसियों में आक्रोश, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**सुल्तानपुर। उत्तर** प्रदेश में ब्राह्मण/पंडित समाज के कथित अपमान के विरोध में कांग्रेसियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। यह ज्ञापन जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में तथा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में ब्राह्मण समाज के साथ हो रहे कथित भेदभाव और हाल ही में आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पूछे गए विवादित प्रश्न पर कड़ी आपत्ति जताई। ज्ञापन में यह



भी उल्लेख किया गया कि कुछ समय पूर्व प्रयागराज में आयोजित माघ मेले के दौरान धमार्चार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को कथित रूप से अपमानित किए जाने की घटना ने भी समाज की भावनाओं को आहत किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में असंतोष और आक्रोश पैदा करती हैं।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में लगातार ब्राह्मण/पंडित समाज की भावनाओं को आहत करने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का अपमान लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। पीसीसी सदस्य प्रमोद मिश्र ने मांग की कि विवादित प्रश्न की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा परीक्षार्थियों को न्याय दिलाया जाए।

# शिवगढ़ थाने के प्रभारी ने 24 घंटे के भीतर ही घटना का खुलासा कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सुलतानपुर । शिवगढ़** थानाक्षेत्र के भरखरे गांव का निवासी समर बहादुर पुत्र लालता प्रसाद की हत्या के मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर ही घटना का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त आला-कत्ल भी बरामद किया हैं मामले में पहले अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था इसके बाद पुलिस ने जांच तेज करते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू की और घटना के 24 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार



कर लिया गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवम सरोज पुत्र राजकुमार निवासी भरखरे तथा राजन पुत्र अशोक कुमार सरोज निवासी सूर्यभान पट्टी थाना लंभुआ के रूप में हुई हैं पुलिस के अनुसार इस घटना की जड़ में अत्यधिक शराब का सेवन और उसी दौरान हुआ विवाद बताया जा रहा हैं बताया गया ।

# पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण होगा मार्च में : जिलाधिकारी

- टॉप 100 बड़े बकायेदारों की बनेगी सूची
- खनिज परिवहन की निगरानी पर एसडीएम को निर्देश

**चित्रकूट।** जनपद में वर्षों से लंबित राजस्व वादों और वसूली के मामलों को लेकर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सख्त रुख अपनाया है। कैंप कार्यालय से जूम एप के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभिन्न समयावधि से लंबित मामलों की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण इसी माह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को निर्देशित किया कि सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों की न्यायालय कार्यवाही की साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार कर नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए, ताकि लंबित मामलों की वास्तविक स्थिति पर नजर रखी जा सके। धारा-24 के मामलों को विशेष प्राथमिकता देते हुए उन्होंने कहा कि इनकी समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री स्तर पर होती है, इसलिए अप्रैल में फसल कटने के बाद इनका त्वरित निस्तारण किया जाए और एक वर्ष से अधिक कोई भी मामला लंबित न रहे। मानिकपुर क्षेत्र में वरासत के अधिक लंबित मामले पाए जाने पर उपजिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में बैंक वसूली को लेकर भी कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने टॉप 100 बड़े बकायेदारों की सूची बनाकर उनकी संपत्ति जब्त कर वसूली सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ओवरलोडिंग पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए सभी एसडीएम को सप्ताह में कम से कम तीन दिन स्वयं फील्ड में निकलकर खनिज परिवहन की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। कृषक दुर्घटना बीमा से जुड़े दावों का 45 दिन के भीतर निस्तारण अनिवार्य करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पूजा साहू सहित अन्य अधिकारी जूम के माध्यम से जुड़े रहे।


समीक्षा मीटिंग में मौजूद अधिकारीगण

# रसोई से होटल तक गैस संकट की मार विधायक अनिल प्रधान ने प्रशासन को घेरा

- टोल फ्री नंबर बेकार, एजेंसियों पर हंगामा
- होटल बंद होने की कगार पर


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सदर विधायक

**चित्रकूट।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की बढ़ती किल्लत अब आम जनता की रसोई से लेकर व्यापार तक को प्रभावित करने लगी है। इसी गंभीर समस्या को लेकर सदर विधायक अनिल प्रधान ने रविवार को करीब दो दर्जन कार्यकताओं के साथ तहसील कर्वी पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग उठाई। विधायक ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ चित्रकूट में भी एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी हो गई है। हालात यह हैं कि लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। गैस एजेंसियों द्वारा बुकिंग के लिए दिए गए टोल फ्री नंबर लगभग ठप पड़े हैं, जिन पर फोन करने के बावजूद न तो बुकिंग हो पा रही है और न ही उपभोक्ताओं को ओटीपी मिल रही है। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि कई स्थानों पर कामर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति लगभग बंद हो चुकी है, जिससे होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय संकट में आ गया है। शादी-समारोहों और सामाजिक आयोजनों में भी भारी परेशानियां सामने आ रही हैं। पहले जहां उपभोक्ताओं को 15 दिन के भीतर सिलेंडर उपलब्ध हो जाता था, वहीं अब इसे 25 दिन तक बढ़ाए जाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। कई गैस एजेंसियों पर वितरण के दौरान धक्का-मुक्की और विवाद की स्थिति भी बन रही है। विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति पर्याप्त होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन आम जनता की परेशानी इन दावों की पोल खोल रही है। उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल और जिलाधिकारी को भी ज्ञापन भेजकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान सुरेन्द्र यादव, अरशद खान, हरीमोहन यादव, राहुल सोनी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चित्रकूट का प्रवेश द्वार होगा भव्य, 6 करोड़ की परियोजना से सजेगा बेड़ी पुलिया चौराहा

- पर्यटन विकास की बड़ी पहल
- सेल्फी प्वाइंट व सैंडस्टोन पाथवे का संगम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में पर्यटन विकास और शहर के सौन्दर्यीकरण को नई दिशा देने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में बांदा-चित्रकूट मार्ग स्थित प्रमुख बेड़ी पुलिया चौराहे के सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने किया। पर्यटन विभाग की राज्य सेक्टर योजना के तहत लगभग 620.95 लाख रुपये की लागत से यह महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की जा रही है, जिसका क्रियान्वयन यू.पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, इकाई-13 बांदा द्वारा कराया जाएगा। परियोजना के तहत चौराहे को आकर्षक प्रवेश द्वार, सैंड स्टोन पाथवे, म्यूरल वॉल, व्यू कटर जाली, छतरी व पैडेस्टल, लैंडस्केपिंग, हॉर्टिकल्चर, आधुनिक लाइटिंग, साइनेज और डस्टबिन जैसी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और डिजाइन को लेकर कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने चौराहे की चौड़ाई लगभग 9 मीटर रखने, यातायात विभाग से आवश्यक एनओसी सुनिश्चित करने तथा भगवान श्रीराम की प्रस्तावित मूर्ति की डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही सेल्फी प्वाइंट की 3-डी इमेज, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग की लागत, पाथवे की एलाइन्मेंट और वेंडिंग जोन व पुलिस बूथ की ड्राइंग भी जल्द अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यह चौराहा भविष्य में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करें, ताकि रामनगरी का प्रवेश द्वार भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप में सामने आ सके।


बेड़ी पुलिया चौराहे के सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते डीएम व अन्य

## कैनवास पर उभरे गणेश, ग्रामोदय में तीन दिवसीय कला कार्यशाला शुरू

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की कला वीथिका रविवार को रंगों और रचनात्मकता से सराबोर हो उठी, जब तीन दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कैनवास पर गणेश आकृति उकेरकर किया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार सुश्री गीता दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। 18 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला में देशभर से आए दो दर्जन से अधिक कलाकार अपनी कूंची से कैनवास पर संवेदनाओं और कल्पनाओं को जीवंत रूप दे रहे हैं। कुलगुरु प्रो चौबे ने कहा कि कला केवल आकृति निर्माण नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और मानवीय भावनाओं की अनकही कहानी कहने का माध्यम है। वहीं गीता दास ने इसे जीवन की अनुभूतियों को रंगों में ढालने की सृजनात्मक प्रक्रिया बताया। प्रदर्शनी में प्रकृति, लोकजीवन और समकालीन विषयों पर आधारित चित्र आकर्षण का केंद्र बने हैं।

# रानी अवंतीबाई के बलिदान सप्ताह पर शिक्षा का संग्राम, मेधावी छात्रों को मिला सम्मान


वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान सप्ताह पर मौजूद छात्र

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** क्षेत्र के ग्राम गौरिया में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान सप्ताह पर शिक्षा और प्रेरणा से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां इतिहास की वीरता और भविष्य के सपनों का अद्भुत संगम देखने को मिला। लक्ष्य परिवार चित्रकूट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत कल्याण भारती इंटर कॉलेज कर्वी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। यूपीएससी में अखिल भारतीय रैंक 212 प्राप्त करने वाले डॉ यशवर्धन सिंह राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर वीरांगना को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए छात्रों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कैरियर चुनने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता मध्य प्रदेश के जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिलहरे (आईआरएस) ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास और तकनीकी कौशल के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। समारोह में वर्ष 2024, 2025 और 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रानी अवंतीबाई पर आधारित लघु नाटिका का मंचन भी किया गया, जिसे दर्शकों और अतिथियों ने खूब सराहा।

## सुरक्षित और व्यवस्थित हज के लिए नई तैयारी, यात्रियों को मिलेंगी स्मार्टवॉच सुविधाएं

**चित्रकूट।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप ने बताया कि हज 2026 की यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई द्वारा नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। तीसरी और अंतिम किश्त की धनराशि 15 मार्च तक घोषित की जाएगी, हालांकि इसमें कैटरिंग शुल्क शामिल नहीं होगा, जिसे यात्रियों को बाद में जमा करना होगा। इस बार मक्का में स्वयं किचन व्यवस्था समाप्त कर दी गई है और सभी यात्रियों को कैटरिंग के माध्यम से कॉमन फूड उपलब्ध कराया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिए उड़ान स्थल पर दस्तावेज वितरण के समय प्रत्येक हज यात्री को एक स्मार्टवॉच दी जाएगी, जो सऊदी अरब पहुंचने के बाद सक्रिय होगी और जीपीएस से जुड़ी होगी। किसी समस्या की स्थिति में यात्री बटन दबाकर कंट्रोल रूम को सिग्नल भेज सकेगा, जिससे उसकी लोकेशन पता लगाई जा सकेगी। यात्रियों को उड़ान तिथि से दो दिन पहले बुकिंग कन्फर्म करानी होगी तथा पासपोर्ट साथ लाना अनिवार्य होगा। साथ ही हज सुविधा और नुसुक ऐप मोबाइल में डाउनलोड करना जरूरी है, अन्यथा यात्रा के दौरान कई सेवाओं में परेशानी हो सकती है।

# अब डिजिटल होगा घर-घर का लेखा-जोखा, चित्रकूट में शुरू हुआ जनगणना प्रशिक्षण अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत की जनगणना-2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों को गति देते हुए सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर में फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चन्द्रशेखर ने किया। 16 से 18 मार्च तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए 34 फील्ड ट्रेनर्स को मकान सूचीकरण, मकानों की गणना, प्रपत्रों के सही भराव, डिजिटल एप्लीकेशन के उपयोग तथा जनगणना की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर्स नवीन वर्मा और गीत श्रीवास्तव द्वारा यह प्रशिक्षण जिला प्रभारी अमित कुमार पटेल की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। यहां से प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स अपने-अपने ब्लॉक और तहसील स्तर पर सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षित करेंगे, जिनके माध्यम से 22 मई से 30 जून 2026 के बीच जिले के सभी मकानों की गणना कराई जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता की सराहना की और स्पष्ट किया कि इस बार जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से की जा रही है, इसलिए सभी प्रशिक्षुओं का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण अनिवार्य है। उन्होंने अमित कुमार पटेल, नवीन वर्मा और गीत श्रीवास्तव को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अपर जिलाधिकारी चन्द्रशेखर तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है।


जनगणना के फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद बीएसए

## एपीके फाइल और फर्जी निवेश जाल पर साइबर सेल का प्रहार, 26 पीड़ितों के लौटाए 15 लाख

**चित्रकूट।** जिले में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बीच पुलिस की सतर्कता ने ठगी के शिकार लोगों को बड़ी राहत दी है। एपीके फाइल, फर्जी शेयर इन्वेस्टमेंट और नकली ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइटों के जरिए ठगे गए 26 पीड़ितों के कुल 15 लाख 10 हजार 470 रुपये साइबर सेल ने अथक प्रयासों के बाद उनके खातों में वापस कराए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय और उनकी टीम ने लगातार तकनीकी प्रयास कर यह राशि रिकवर कराई। दरअसल, साइबर अपराधियों ने लोगों को टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हानिकारक एपीके फाइल डाउनलोड कराने, शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलाने और सस्ती ऑनलाइन खरीददारी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी की थी। यह एपीके फाइलें मोबाइल में इंस्टॉल होते ही फोटो, कॉन्टेक्ट, मैसेज और ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी चुरा लेती हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, ऑफर या ऐप पर भरोसा न करें, किसी के कहने पर यूपीआई पिन या ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर सतर्क रहें।

# सरकारी योजनाओं से दूरी पड़ेगी महंगी प्राइवेट बैंकों को डीएम की चेतावनी

- कर्ज मंजूरी में सुस्ती पर फटकार
- सूर्यघर से युवा तक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक में बैंकों की कार्यप्रणाली पर कड़ा मंथन हुआ। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने बैंकवार ऋण-जमा अनुपात और वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा करते हुए 40 प्रतिशत से कम अनुपात वाले बैंकों को सुधार के लिए चेताया। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी योजनाओं में सहयोग न करने वाले प्राइवेट बैंकों से शासकीय खाते हटाए जा सकते हैं। कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में ऋण स्वीकृति बढ़ाने के निर्देश देते हुए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लंबित आवेदनों को एक सप्ताह में निस्तारित करने को कहा गया। कृषि क्षेत्र में बढ़ते एनपीए को गंभीर मानते हुए टॉप 100 बकायेदारों के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए गए। बेहतर कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में एलडीएम अनुराग शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक सुधीर पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डीएम

# खेल मैदानों में उभरी नई प्रतिभाएं, चित्रकूट में जूनियर प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खेल निदेशालय उप्र खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट तथा विभिन्न खेल संघों के सहयोग से 16 से 18 मार्च तक जनपद स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पंकज अग्रवाल ने किया। बैडमिंटन में अदिती विजेता और वसुंधरा उपविजेता रहीं, जबकि बास्केटबाल बालक वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय मानिकपुर विजेता और सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में भी नवोदय ने बाजी मारी। हॉकी में चित्रकूट हॉकी अकैडमी विजेता बनी। विजेताओं को पुरस्कार स्वर्पनल यादव ने प्रदान किए।



जूनियर प्रतियोगिताओ के विजेता प्रतिभागी

## डीजे की धुन से मौत की खामोशी तक, किशोर की संदिग्ध मौत से सनसनी

**चित्रकूट।** जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र के तरांव गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर बिजली ट्रांसफार्मर के पास बनी एक झोपड़ी में 15 वर्षीय किशोर का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई, जो अपने दिव्यांग माता-पिता के साथ रहता था। पिता के अनुसार रविवार को अमित दिनभर उनके साथ कर्वी में रहा और शाम को घर लौटकर खाना खाने के बाद पड़ोस में बज रहे डीजे को देखने की बात कहकर निकल गया। रातभर घर न लौटने के बाद सुबह ग्रामीणों ने उसका शव झोपड़ी में लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अब मोबाइल बनेगा खेती का गुरु, किसान सारथी ऐप देगा सोयाबीन की सटीक सलाह

**चित्रकूट।** जिले में किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 16 मार्च को दीनदयाल शोध संस्थान के डॉ. राम मनोहर लोहिया सेमिनार हॉल में ह्विकसान सारथी ऐपह्व पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईसीएआर अटारी जबलपुर और कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सोयाबीन किसानों के लिए प्रभावी और समयबद्ध परामर्श सेवाएं विकसित करना था। कार्यशाला का उद्घाटन आलोक चौबे, संजीव कुमार सहित अन्य विशेषज्ञों ने किया। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसान मौसम, कीट प्रबंधन और फसल पोषण से जुड़ी सटीक एवं स्थान-विशिष्ट सलाह तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। कार्यशाला में 45 प्रतिभागियों ने भाग लेकर ऐप के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने कृषि विस्तार सेवाओं में तकनीक की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि ह्विकसान सारथीह्व जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म भविष्य में किसानों के लिए भरोसेमंद मार्गदर्शक साबित होंगे। कार्यक्रम के अंत में वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों से तकनीकी ज्ञान को खेतों तक पहुंचाने का आह्वान किया।


डीआरआई की एक दिवसीय कार्यशाला में मौजूद अतिथिगण

# ईरान की 'मौत का वारंट' तैयार! दुनिया देखेगी तीसरा विश्वयुद्ध? अमेरिका काटने जा रहा ईरान की जीवनरेखा?

**ईरान**

**ईरान** युद्ध के दो हफ्तों बाद भी मध्य-पूर्व में तनाव का स्तर अपने चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खर्ग द्वीप पर इस क्षेत्र के इतिहास की "सबसे भीषण बमबारी" की है। यह द्वीप न केवल एक प्रतिबंधित सैन्य क्षेत्र है, बल्कि इसे ईरान की 'आर्थिक जीवनरेखा' माना जाता है। लक्षद्वीप के सभी द्वीपों को मिलाकर बने क्षेत्रफल से भी छोटा यह द्वीप ईरान के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। ईरान के कुल तेल निर्यात का 90% हिस्सा यहीं से संसाधित होता है। 2024 में ईरान ने तेल बिक्री से लगभग $78 बिलियन कमाए, जिसका मुख्य केंद्र खर्ग ही था। यहाँ का समुद्र इतना गहरा है कि दुनिया के सबसे बड़े तेल टैंकर यहाँ आसानी से डॉक कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप मुख्य भूमि ईरान (जो इराक से 4 गुना बड़ा है) पर हमला करने के बजाय खर्ग द्वीप पर जमीनी सेना उतारने का प्रलोभन महसूस कर सकते हैं। यह द्वीप मुख्य भूमि से 25-28 किमी दूर है। यदि अमेरिका इस पर अचानक कब्जा कर लेता है, तो ईरान के लिए कम समय में वहां सेना भेजना नामुमकिन होगा। खर्ग पर कब्जा करने का मतलब है ईरान की 90% कमाई पर ताला लगा देना। इससे ट्रंप को ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने की अपार शक्ति मिलेगी।

ईरान युद्ध के दो हफ़्ते बीत जाने के बाद भी, अमेरिका और इजराइल का एक मुख्य लक्ष्य -- देश में सत्ता परिवर्तन -- अभी भी पूरा नहीं हो पाया है, जबकि युद्ध के पहले ही दिन सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे जा चुके थे। इसके बजाय, ईरान ने इस संघर्ष को पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैला दिया है और उसने होर्मुज जलडमरूमध्य और वहाँ से गुजरने वाले तेल को प्रभावी ढंग से बंधक बना लिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति अच्छी तरह जानते हैं कि मुख्य ईरान, इराक या वेनेजुएला जैसा नहीं है, और वहाँ जमीन पर सेना उतारने से भारी जान-माल के नुकसान का काफी जोखिम होगा -- जो उनके घरेलू दर्शकों (देश की जनता) के लिहाज से एक राजनीतिक रूप से जोखिम भरी रणनीति होगी। इसे सही परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए, ईरान इराक से चार गुना बड़ा है और वहाँ विशाल, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाका है।



हालाँकि, खर्ग -- जो लक्षद्वीप के सभी द्वीपों को मिलाकर बने कुल क्षेत्रफल से भी छोटा द्वीप है और ईरान के तट से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है -- ठीक वैसी ही जगह है जो किसी भी सैन्य कमांडर की नजर में हमले के लिए सबसे उपयुक्त जगहों की सूची में सबसे ऊपर होगी।

इस द्वीप के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है; यह हमेशा गोपनीयता के आवरण में लिपटा रहता है और इसकी सुरक्षा IRGC के कमांडो करते हैं। ईरानियों के लिए, इसे 'वर्जित द्वीप' के नाम से जाना जाता है, जहाँ केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही जाने की सख़्त अनुमति है। लेकिन यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है? पाँच मील लंबा होने के बावजूद, खर्ग असल में ईरान के तेल निर्यात का नियंत्रण केंद्र है।

खर्ग द्वीप इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

दिलचस्प बात यह है कि 1979 की क्रांति के दौरान ईरान ने अमेरिका से खर्ग द्वीप को अपने कब्जे में ले लिया था। आज, यहाँ से ईरान के कुल तेल निर्यात का 90% हिस्सा संसाधित होता है, और यहाँ सालाना लगभग 950 मिलियन बैरल तेल का प्रबंधन किया जाता है। सबसे अहम बात यह है कि खर्ग गहरे पानी के करीब है, जहाँ तेल टैंकर सुरक्षित रूप से डॉक कर सकते हैं और कच्चा तेल लोड कर सकते हैं; यह तेल ज्यादातर भारत और चीन जैसे एशियाई बाजारों में जाता है।

2024 में, ईरान ने तेल की बिक्री से लगभग $78 बिलियन कमाए। इस कमाई का ज्यादातर हिस्सा खर्ग से बेचे गए कच्चे तेल से आया। यह पैसा न केवल सरकारी कामकाज के लिए फंड देता है, बल्कि ईरान के रक्षा प्रोजेक्ट्स के लिए भी बहुत जरूरी है।

# डोनाल्ड ट्रंप के बातचीत के दावे पर ईरान का पलटवार, 5 साल तक वार के लिए हैं तैयार

**ईरान**

**पश्चिम एशिया** में संघर्ष बढ़ने के साथ ही तेहरान के वार्ता की मांग करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए, ईरान के सर्वोच्च नेता के भारत में प्रतिनिधि अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने शनिवार को इन दावों को नकारते हुए कहा कि तेहरान पांच साल तक भी युद्ध जारी रखने के लिए तैयार है। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में इलाही ने इस बात से स्पष्ट इनकार किया कि ईरान वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ वार्ता करना चाहता है, और कहा कि वार्ता के बीच में ही वाशिंगटन ने तेहरान को निशाना बनाया था।



इलाही ने कहा कि नहीं। बिल्कुल नहीं। ईरान इस समय उनके साथ बातचीत नहीं करना चाहता क्योंकि उन्होंने ही यह युद्ध शुरू किया है। और हमें उनके साथ अनुभव है। दो बार जब हम उनके साथ बातचीत कर रहे थे, तब उन्होंने हम पर हमला किया। उन्होंने हमें निशाना बनाया। इलाही ने कहा कि तेहरान अपने दुश्मनों के सामने नहीं झुकेगा और जरूरत पड़ने पर लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए तैयार है। ईरान और इराक के बीच संघर्ष से तुलना करते हुए प्रतिनिधि ने कहा कि ईरान को लंबे युद्ध का अनुभव है।

उन्होंने कहा कि मुझे इस युद्ध की कोई समयसीमा नहीं पता। लेकिन मैं इतना जानता हूं कि ईरान इस युद्ध को अंत तक, यहां तक ??कि पांच साल तक भी जारी रखने के लिए तैयार है। और हमें युद्ध का अनुभव है। उस समय ईरान और इराक के बीच आठ साल के युद्ध का हमें अनुभव था। और हम तैयार हैं। और अगर आप ईरान की सड़कों पर जाएंगे, तो आप देखेंगे कि सभी लोग वहां मौजूद हैं और प्रतिशोध के नारे लगा रहे हैं। वे कहते हैं कि हम अपना खून देने को तैयार हैं, लेकिन अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। इलाही ने यह भी कहा कि ईरान ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने के कई प्रयास किए हैं और पड़ोसी देशों से मध्य पूर्व में संघर्ष को रोकने में मदद करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते थे। हमने कई बार इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के युद्ध को टालने का प्रयास किया। हमने अपने पड़ोसियों को यह भी सूचित किया था कि उन्हें इस युद्ध क्षेत्र से दूर रहने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह क्षेत्र अब और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने मौजूदा संघर्ष पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संघर्ष न केवल ईरान के लोगों को प्रभावित कर रहा है ।

# वायु रक्षा प्रणाली हमारी दैनिक जरूरत है'

**यूक्रेन**

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूस ने यूक्रेन की ओर लगभग 430 ड्रोन और कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं और देश के लिए वायु रक्षा प्रणाली के महत्व को दैनिक आवश्यकता बताया। उन्होंने मिसाइल आपूर्ति समझौतों में तेजी लाने का आग्रह किया और वायु रक्षा मिसाइलों के उत्पादन का आह्वान किया। उन्होंने ये टिप्पणियां पर एक पोस्ट में कीं और कहा कि रूसियों ने विभिन्न प्रकार के लगभग 430 ड्रोन और बड़ी संख्या में मिसाइलें दागीं। इनमें अकेले 13 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, और इस हमले में कुल मिसाइलों की संख्या 68 थी। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, इनमें से 58 को हमारी वायु रक्षा प्रणाली ने रोक दिया।



पोस्ट में आगे कहा गया है कि ऐसे हमले हवाई रक्षा के महत्व की याद दिलाते हैं और कहा गया है, "रूसी हमलों की हर रात हमारे सभी साझेदारों को यह याद दिलाती है कि हवाई रक्षा और उसके लिए मिसाइलें वास्तव में एक दैनिक आवश्यकता हैं। मिसाइल आपूर्ति पर हर समझौता लंबित नहीं रह सकता - इसे यथाशीघ्र लागू किया जाना चाहिए। हवाई रक्षा मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने के हमारे समझौते एक महत्वपूर्ण दिशा हैं, और इस दिशा में शत प्रतिशत ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि रूस मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध का फायदा उठाकर यूरोप, यूक्रेन में और भी अधिक विनाश करने की कोशिश करेगा। इसलिए हमें खतरे के वास्तविक स्तर से पूरी तरह अवगत होना चाहिए और तदनुसार तैयारी करनी चाहिए, अर्थात: यूरोप में, हमें हवाई रक्षा मिसाइलों - विशेष रूप से बैलिस्टिक खतरों का मुकाबला करने में सक्षम मिसाइलों - के साथ-साथ जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक अन्य सभी प्रणालियों का उत्पादन विकसित करने की आवश्यकता है, चाहे दुनिया के किसी भी हिस्से में कुछ भी हो रहा हो। यूरोप इस स्तर की विश्वसनीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम है। मदद करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद! जेलेंस्की ने अपने पोस्ट में बताया कि कीव, सूमी, खार्किव, निप्रो और मायकोलाइव क्षेत्रों में हमले के बाद की स्थिति से निपटने के प्रयास जारी हैं ।

# अब एशिया में मंडराया युद्ध का खतरा !



**दक्षिण कोरिया**

**एशिया** प्रशांत क्षेत्र में एक बार फिर सैन्य तनाव बढ़ गया है। उत्तर कोरिया ने आज पूर्व दिशा की ओर कई अज्ञात मिसाइल दागे, जिससे दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका सहित पूरे क्षेत्र में सुरक्षा चिंताएं बढ़ गयी हैं। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय और संयुक्त सेनाध्यक्षों ने पुष्टि की है कि उत्तर कोरिया ने राजधानी क्षेत्र के सुनान इलाके से लगभग दस अज्ञात मिसाइल पूर्वी सागर की ओर छोड़े। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं तथा क्षेत्र में कूटनीतिक हलचल भी तेज हो गयी है।

दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार यह मिसाइल लगभग दोपहर एक बजकर बीस मिनट के आसपास छोड़े गये। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इनमें से कम से कम एक मिसाइल संभवतः दूरमार्ग मिसाइल की श्रेणी का था। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उत्तरी कोरिया से छोड़ा गया यह मिसाइल संभवतः समुद्र में गिर चुका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरा है, जिससे किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

जापान की सरकार ने इस घटना के बाद तुरंत आपात प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय कर दिया। प्रधानमंत्री साने ताकाइची के कार्यालय ने सुरक्षा एजेंसियों को विमान, जहाज और अन्य सैन्य संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही संभावित आपात परिस्थितियों के लिए सभी सावधानी उपायों को लागू करने के आदेश भी जारी किये गये हैं।

उधर, दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से इस प्रकार की गतिविधि ऐसे समय में सामने आयी है ।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में भीषण गोलीबारी

**अफगानिस्तान**

**अफगानिस्तान** के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेनाओं ने विवादित डूरंड रेखा के पास पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की है। सीमा पार हवाई हमलों और तोपखाने की गोलीबारी के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। एक बयान में, अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेनाओं ने कुनार और नंगरहार प्रांतों को कवर करने वाले पूर्वी क्षेत्र में अभियान चलाया, जिसे उसने पाकिस्तान के सैन्य शासन की कार्रवाई बताया।



इस्लामिक अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी सैन्य शासन द्वारा किए गए अपराधों के जवाब में, अफगान रक्षा बलों ने कुनार और नंगरहार प्रांतों के पूर्वी क्षेत्र में डूरंड रेखा के पास अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान... 14 सैनिक शहीद हो गए और 11 अन्य घायल हो गए। एक बख्तरबंद टैंक और एक इंटरनेशनल वाहन भी पूरी तरह से नष्ट हो गए और सेवा से बाहर हो गए। अपने 'दमन अस्वीकार करो' अभियान के तहत, अफगान सेना ने इससे पहले पाकिस्तान के रणनीतिक सैन्य केंद्र पर हवाई हमला किया था।

इस्लामिक अमीरात के बयान में कहा गया कि चल रहे 'दमन अस्वीकार करो' जवाबी कार्रवाई के क्रम में, आज शाम लगभग 5:00 बजे, अफगान वायु सेना ने फैजाबाद, इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना के रणनीतिक केंद्र 'हमजा' पर हवाई हमला किया। यह घटनाक्रम पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में किए गए पहले हवाई हमले के बाद हुआ है, जिसके बारे में काबुल ने कहा था कि इसमें नागरिक हताहत हुए और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। काम एयर के अधिकारियों ने टोलो न्यूज को यह भी पुष्टि की कि शुक्रवार को पाकिस्तानी वायु सेना (पीएएफ) द्वारा किए गए।

# टैंकरों को मिली सुरक्षित निकलने की मंजूरी

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम एशिया** (मिडल ईस्ट) में जारी भीषण युद्ध और तनाव के बीच ईरान ने भारत के साथ अपनी 'पुरानी और पक्की दोस्ती' का सबूत दिया है। ईरान सरकार ने रणनीतिक रूप से दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत जा रहे दो एलपीजी टैंकरों को सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह ताजा घटनाक्रम ईरान के भारत में राजदूत मोहम्मद फथाली के इस संकेत के कुछ ही घंटों बाद सामने आया है कि भारत को इस महत्वपूर्ण वैश्विक शिपिंग मार्ग से दो या तीन घंटों के भीतर सुरक्षित मार्ग मिल सकता है।

राजदूत की यह टिप्पणी इस क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के बीच आई है, जिसके कारण फारसी खाड़ी को वैश्विक बाजारों से जोड़ने वाले इस संकरे गलियारे से होने वाली शिपिंग गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# कोमा में ईरान का नया सुल्तान?

**इजराइल**

**28** फरवरी 2026 को जब अमेरिका और इजराइल की पहली मिसाइलों ने तेहरान को दहलाया, तो ईरान का सर्वोच्च नेतृत्व ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। इस हमले में तत्कालीन सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई, उनकी पत्नी और पोते की मौत हो गई। लेकिन इस मलबे के बीच से एक शख्स जिंदा बचा– मुजतबा खामेनेई। हालांकि वह गंभीर रूप से घायल हैं, लेकिन उनकी जान बचाने के पीछे ईरान की सबसे रहस्यमयी और घातक सुरक्षा इकाई 'NOPO' का हाथ बताया जा रहा है।

कोमा की खबरें और 'बदसूरत' चेहरा

मुजतबा खामेनेई को उनके पिता का उत्तराधिकारी तो घोषित कर दिया गया है, लेकिन वे अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। गुरुवार को उनका पहला बयान एक न्यूज एंकर ने पढ़कर सुनाया। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ का दावा है कि मुजतबा "विकृत" (ग्रिॅ-४१ीं) हो चुके हैं और कई रिपोर्टों के अनुसार वे कोमा में हैं। ईरान के अस्तित्व के लिए मुजतबा का जिंदा रहना अनिवार्य है, और इस काम की जिम्मेदारी सौंपी गई है 'ठडढड' को। नवीनतम रिपोर्टों का दावा है कि मोजतबा संभवतः कोमा में हैं, और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि उनका चेहरा "विकृत" हो गया है। लेकिन मोजतबा को जीवित रखना जरूरी है, और उनकी सुरक्षा का कार्य NOPO के कंधों पर है।



NOPO, फारसी भाषा में 'निरूयेह विजेह पासदारन विलायत' का संक्षिप्त रूप है। इसका मोटे तौर पर अनुवाद "शासन की रक्षा के लिए नियुक्त विशेष बल" के रूप में किया जाता है। Fox News के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, पेरिस स्थित 'नेशनल काउंसिल ऑफ रेजिस्टेंस ऑफ ईरान' (NCRI) के एक अधिकारी, अली सफवी ने कहा कि इस विशेष बल को मोजतबा की सुरक्षा का कार्य सौंपा गया है। सफवी ने कहा, "खामेनेई के जाने के बाद, अब संभवतः NOPO ही मोजतबा खामेनेई की सुरक्षा करेगा।"

ईरान का NOPO क्या है?

ईरान के पहले सुप्रीम लीडर, अयातुल्ला रूहोल्ला खोमेनी के शासनकाल के दौरान 1991 में स्थापित, NOPO को '28वीं रूहोल्ला डिवीजन' से अलग करके बनाया गया था -- यह एक ऐसी इकाई थी जिसे उनकी सुरक्षा का कार्य सौंपा गया था। इसे 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स' से अलग रखा गया था।

अब, आइए ईरान की सुरक्षा संरचना को समझते हैं। वहाँ एक नियमित सेना है, जिसे 'आर्तेश' के नाम से जाना जाता है, जिसमें थल सेना, वायु सेना, नौसेना और वायु रक्षा बल शामिल हैं।

इसके बाद IRGC आता है, जिसका गठन 1979 की क्रांति के बाद किया गया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# ईरान में अब तबाही का सबसे बड़ा दौर शुरू करेंगे ट्रंप

**अमेरिका**

**पश्चिम** एशिया में भड़क चुके युद्ध के बीच अमेरिका ने जबरदस्त सैन्य आक्रमण का नया अध्याय खोल दिया है। इंग्लैंड के रॉफ फेयरफोर्ड सैन्य ठिकाने से अमेरिकी वायु सेना के दो बी-वन बमवर्षक विमानों के उड़ान भरते ही युद्ध का स्वर और भी आक्रामक हो गया। इसी दौरान अमेरिका ने फारस की खाड़ी में स्थित ईरान के बेहद महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर भारी बमबारी की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि इस द्वीप पर मौजूद सैन्य ठिकाने पूरी तरह ध्वस्त कर दिये गये। हम आपको बता दें कि खार्ग द्वीप ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है क्योंकि इसी द्वीप से देश के करीब नब्बे प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात होता है।

दरअसल ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच छिड़ा यह युद्ध अब बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है। 28 फरवरी को अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने ईरान में समन्वित हवाई हमले किये थे जिनमें देश के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके बाद पूरे पश्चिम एशिया में युद्ध की आग फैल गई। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में मिसाइल और ड्रोन हमलों की झड़ी लगा दी।

अमेरिका ने युद्ध के पंद्रहवें दिन अपनी रणनीति को और तेज करते हुए ब्रिटेन के राफ फेयरफोर्ड ठिकाने से बी-वन बमवर्षकों को मिशन पर भेजा। इन विमानों को टेक्सॉस और एल्सवर्थ स्थित अमेरिकी वायुसेना अड्डों से यहां तैनात किया गया था। इन बमवर्षकों का इस्तेमाल ईरान के मिसाइल अड्डों और सैन्य कमान केंद्रों को निशाना बनाने के लिये किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक ये विमान अत्याधुनिक निर्देशित बमों और लंबी दूरी की मारक मिसाइलों से लैस हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने पुष्टि की है कि ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ सीमित रक्षात्मक सैन्य अभियानों के लिये अपने दो ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। इस तैनाती से अमेरिकी विमानों को ईरान के लक्ष्यों तक पहुंचने में लगने वाला समय लगभग आधा रह गया है। छह मार्च को पहला बमवर्षक यहां पहुंचा था जबकि कुछ अन्य विमान खराब मौसम के कारण जर्मनी के रामस्टाइन ठिकाने की ओर मोड़ दिये गये थे।



इस बीच, अमेरिका ने खार्ग द्वीप पर भी जबरदस्त बमबारी की। ट्रम्प ने दावा किया है कि यह पश्चिम एशिया के इतिहास की सबसे ताकतवर बमबारी में से एक थी। हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने अभी तक द्वीप की तेल संरचनाओं को निशाना नहीं बनाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस द्वीप की तेल संरचनाएं नष्ट कर दी जाती हैं तो ईरान के तेल निर्यात का करीब नब्बे प्रतिशत हिस्सा ठप हो सकता है और कच्चे तेल की कीमतें एक सौ पचास डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।

उधर, ईरान ने इन हमलों के बाद बेहद कड़ा रुख अपनाया है। भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि यह युद्ध ईरान पर थोपा गया है और देश अपनी स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिये आखिरी सांस तक लड़ेगा। उन्होंने कहा कि ईरान अपने दुश्मनों के सामने झुकेगा नहीं और इस युद्ध के अंत तक मजबूती से डटा रहेगा।वहीं ईरान की सेना और इस्लामी क्रांतिकारी गार्ड ने भी मुस्लिम देशों से अपील की है कि वे अमेरिका और जियोनिस्ट ताकतों के खिलाफ एकजुट हों।